दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 166
कोटद्वार गुरूवार
12 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## केंद्र सरकार जल्द लांच करेगी 'मेरा युवा भारत' प्लेटफॉर्म, कैबिनेट बैठक में हुआ बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में केंद्र सरकार ने 'मेरा युवा भारत' (ट८ इल्अफ्अळ) की स्थापना को मंजूरी दी है। इस बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि "माई भारत प्लेटफॉर्म पर करोड़ों की तदाद में विदेश और देश से युवा इसपर जुड़ेंगे। ये भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने का सपना साकार करेगा। इसके जरिए युवा अपनी आकांक्षा को पूरा कर पाएंगे। स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता इन सब क्षेत्र में योगदान अगर किसी को देना होगा तो ये प्लेटफॉर्म का बड़ा सहारा होगा। पीएम की इच्छा है कि देश के करोड़ों युवा इससे जुड़ें और अपना योगदान दें। इसको 31 अक्टूबर को राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा। इस दिन ही लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती है। "अनुराग ठाकुर ने कहा, "सबके लिए देश प्राथमिकता है। भारत के वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखते हुए ही हम ट८ इल्अफ्अळ प्लेटफॉर्म लेकर आए हैं। ये युवाओं की भागीदारी के लिए ही है।" आप भी भारत जोड़ने की बात कर रहे हैं और कांग्रेस भी भारत जोड़ो यात्रा की बात कर रहे हैं के सवाल पर अनुराग ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा, " हर किसी को देश को जोड़ना चाहिए है, लेकिन भावना ठीक होनी चाहिए है।"

## जम्मू–कश्मीर के पुंछ में एलओसी पर गोली लगने से अग्निवीर की मौत

**जम्मू ,एजेंसी** । जम्मू–कश्मीर के पुंछ जिले में बुधवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर गोली लगने से एक अग्निवीर की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ जिले के मनकोट इलाके में नियंत्रण रेखा के पास तैनात सिपाही (अग्निवीर) अमृतपाल सिंह घटना के समय ड्यूटी पर थे। सिपाही की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा, इसमें चिकित्सा–कानूनी औपचारिकताएं शामिल हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि सैनिक की मौत आत्महत्या के कारण हुई या किसी अन्य कारण से। अधिक विवरण की प्रतीक्षा है।

## राहुल गांधी झूठ की दुकान के मैनेजर : शिवराज

भोपाल ,एजेंसी (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला है और कहा है कि वे झूठ की दुकान के मैनेजर हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा, राहुल गांधी मध्यप्रदेश में वोट नहीं, झूठे वचन पत्र के लिए माफी मांगें।

राहुल गांधी झूठ की दुकान के मैनेजर, कमलनाथ झूठ के सेल्समेन। उन्होंने आगे कहा, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की कांग्रेस सरकार के काले कारनामे राहुल गांधी मध्यप्रदेश में गिना रहे हैं, वे बात मोहब्बत की करते हैं, लेकिन असलियत में वो झूठ की दुकान चला रहे हैं। चौहान ने कांग्रेस पर देश को बांटने का आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस ने देश को बांटा है, राहुल गांधी मध्यप्रदेश को बांटने आए थे।

# शीतकाल के लिए बंद हुए श्री हेमकुंड साहिब और लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट

**संवाददाता**

**चमोली।** श्री हेमकुंड साहिब और लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट बुधवार को अपराह्न एक बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए।

हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होने के दौरान करीब 2300 सिख श्रद्धालुओं का जत्था अंतिम अरदास के साक्षी रहे। हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होने की प्रक्रिया आज सुबह से प्रारम्भ हो गयी थी।

प्रातः 10:00 बजे सुखमणि साहिब पाठ और सबद कीर्तन के पश्चात साल की अन्तिम अरदास तथा गुरू ग्रंथ साहिब का हुक्मनामा पढ़ने के बाद पंच प्यारों और सेना के इंजीनियर कोर की बैंड की अगुवाई में गुरु ग्रंथ साहिब को सतखंड लाया गया तत्पश्चात दोपहर 1 बजे गुरुद्वारे के कपाट बंद किए गए।






गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट द्वारा यात्रा को सुखमय ढंग से संपूर्ण सहयोग देकर सफल बनाने के लिए सभी संगतों, शासन–प्रशासन एवं स्थानीय लोगों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया गया। हेमकुण्ड साहिब की यात्रा इस वर्ष 20 मई को प्रारंभ हुई थी। इस वर्ष 1.78 लाख श्रद्धालुओं ने श्री हेमकुण्ड यात्रा का सौभाग्य प्राप्त किया।

इसके साथ ही हिंदुओं के पवित्र तीर्थ स्थल लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट भी पूरे विधि विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए।

# राजस्थान में 25 नवंबर को मतदान, पहले 23 को देवउठनी ग्यारस पर होनी थी वोटिंग

**नई दिल्ली , एजेंसी।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव तारीखों में बदलाव हो गया है। राज्य में अब 23 नवंबर की जगह 25 नवंबर को मतदान होगा। चुनाव आयोग ने कहा है कि चुनाव तारीखों के एलान के बाद कई राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने चुनाव की तारीख बदलने की अपील की थी, क्योंकि इस दिन बड़े पैमाने पर शादियां और सामाजिक कार्यक्रम हैं। इसे देखते हुए आयोग ने मतदान की तारीख को अब शनिवार 25 नवंबर कर दिया है।

नए चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक 30 अक्तूबर को अधिसूचना जारी होगी। छह नवंबर तक नामांकन किया जा सकता है। नामांकन पत्रों की जांच सात नवंबर को होगी। नौ नवंबर नाम वापसी की आखिरी तारीख है। 25 नवंबर को मतदान होगा। वहीं, नतीजे पहले की ही तरह तीन दिसंबर को आएंगे।इस बार 23 नवंबर 2023 को देवउठनी एकादशी मनाई जाएगी। कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की एकादशी का विशेष महत्व माना गया है। इस दिन भगवान विष्णु चार माह की लंबी निद्रा से जागते हैं। इसलिए इस एकादशी को देवोत्थान या देवउठनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। आम भाषा में इस देवउठनी ग्यारस और ड्योठान के नाम से जाना जाता है। देवउठनी ग्यारस के साथ ही बड़े पैमाने पर विवाह जैसे शुभ कार्यों और मुहुर्तों की शुरुआत हो जाती है। इस दिन विशेषतौर पर बड़े पैमाने पर शादियां होती है।राजस्थान में मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 20 जनवरी को खत्म हो रहा है। इससे पहले में नई सरकार का गठन करना और विधानसभा सत्र बुलाना जरूरी होगा। वहीं, चुनाव के नतीजे तीन दिसंबर को सामने आ जाएंगे। ऐसे में दिसंबर के दूसरे तीसरे हफ्ते में प्रदेश नई सरकार और मुख्यमंत्री का चेहरा सामने आ सकता है।




## हाईकोर्ट: शाही ईदगाह स्थल को कृष्ण जन्मभूमि की मान्यता देने की मांग वाली याचिका खारिज

**प्रयागराज, एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। जिसमें मथुरा के शाही ईदगाह मस्जिद स्थित स्थान को कृष्ण जन्मभूमि की मान्यता देने की मांग की गई थी। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने महक महेश्वरी की याचिका पर दिया है।

सितंबर को अपना जजमेंट रिजर्व कर लिया था। ये जनहित याचिका साल 2020 में सुप्रीम कोर्ट के वकील महक महेश्वरी ने दाखिल की थी। अदालत में मुकदमे का निपटारा होने तक विवादित परिसर में हिंदुओं को पूजा अर्चना की इजाजत दिए जाने की भी मांग की गई थी।

हिन्दू पक्ष की ओर से दाखिल की गई जनहित याचिका में दावा किया गया है कि विवादित परिसर में पहले वहां पर मंदिर हुआ करता था, जिसे तोड़कर शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण कराया गया था।याचिका में दावा किया गया है कि जिस जगह पर अभी मस्जिद है वहां द्वापर युग में कंस की जेल होती थी, जहां कंस ने भगवान श्री कृष्ण के माता पिता को कैद कर रखा हुआ था और इसी जेल में भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था। इसलिए भगवान का असली जन्मस्थान वही है।




बता दें कि सुनवाई के दौरान वकील के मौजूद न होने की वजह से एक बार ये याचिका खारिज भी की जा चुकी है। ये जनहित याचिका 19 जनवरी 2021 को खारिज हो गई थी। हाई कोर्ट ने मार्च 2022 में इस जनहित याचिका को री स्टोर कर लिया था। हाईकोर्ट ने इसे सुनवाई के लिए दोबारा पेश किए जाने के निर्देश दिए थे।

## कीर्तिनगर में गुलदार की दहशत, जंगल में घास लेने गई महिला पर किया हमला, मौके पर हुई मौत

**श्रीनगर गढ़वाल।** उत्तराखंड में गुलदार के हमलों के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। बुधवार को श्रीनगर में कीर्तिनगर ब्लॉक के ग्राम पंचायत नौर में घास लेने जंगल गई एक महिला पर गुलदार ने हमला कर दिया। इस दौरान महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, घटना सुबह नौ बजे की है। नौर गांव निवासी लक्ष्मी देवी पुरी(55) पत्नी स्व. राजेंद्र पुरी जंगल में घास लेने जा रही थी। इस दौरा घात लगाए बैठे गुलदा ने महिला पर हमला कर दिया।

बता दें कि प्रदेश में मानव–वन्यजीव संघर्ष में इस वर्ष अब तक 40 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इनमें से 13 लोगों की जान गुलदार ने ली है। वहीं, वर्ष 2000 से अब तक गुलदार के हमले में 514 लोगों की जान गई है, जबकि 1868 लोग घायल हुए हैं। वहीं, वर्ष 2000 से अब तक 1741 गुलदारों की मौत रिकॉर्ड में दर्ज है।

# प्रधानमंत्री के स्वागत में फूलों से सजा जागेश्वर धाम

**अल्मोड़ा(सं)।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा जनपद में स्थित जागेश्वर धाम मन्दिर में गुरुवार को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पूजा, अर्चना कार्यक्रम से ठीक पहले बुधवार को बीस क्विंटल फूलों से मन्दिर को सुसज्जित कर दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी का मंदिर द्वार पर मुख्य पुरोहित पण्डित हेमन्त भट्ट के नेतृत्व में कुल 11 आचार्य स्वस्ति वाचन कर, आशीर्वाद देंगे। राज्यपाल सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वागत करेंगे। तत्पश्चात, प्रधानमंत्री ज्योतिर्लिंग जागेश्वर मंदिर में पूजा–अर्चना कर हनुमान जी, माता पुष्टि देवी, मृत्युंजय व केदारनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए परिक्रमा करते हुए वापस आएंगे। यह पूरा कार्यक्रम लगभग 25 मिनट तक चलेगा। जिला प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के मंदिर परिसर में प्रवेश पर रोक लगा दी है। जबकि गुरुवार को पीएम मोदी के कार्यक्रम तक स्थानीय श्रद्धालुओं का भी मंदिर परिसर में प्रवेश निरुद्ध रहेगा। पहली बार मंदिर के मुख्य पुजारी सहित सभी 11 आचार्य तथा पुरोहितों का जांच एजेंसियों ने कोरोना टेस्ट, ब्लड ग्रुप टेस्ट व पुलिस वेरीफिकेशन, आधार कार्ड सहित सभी की बारीकी से जांच की गई है।



मंदिर के मुख्य पुरोहित पंडित हेमंत भट्ट ने बताया कि प्रधानमंत्री गुरुवार को प्रातः लगभग 10:30 बजे पहुंचेंगे। वह लगभग 25 मिनट तक पूजा में भाग लेंगे। उनके साथ केवल दिल्ली से आया हुआ फोटोग्राफर रहेगा। बाकी किसी को भी अंदर आने की अनुमति नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के आने के तीन घंटे पूर्व पूजा स्थल पर पुजारी सहित 11 आचार्य बैठ जाएंगे। जो कार्यक्रम की समाप्ति के बाद ही मंदिर परिसर से बाहर आ सकेंगे। उन्होंने बताया कि इतिहास में पहली बार इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज तक हमने पूरे जीवन में इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कभी नहीं देखी थी। जबकि यहां सुप्रीम कोर्ट के जज सहित देश विदेश से भी बड़े.बड़े नेता दर्शन के लिए आ चुके हैं।

# आईएएफ ने सतह से सतह मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**कोलकाता , एजेंसी।** भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने हाल ही में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पास ब्रह्मोस मिसाइल के सतह से सतह संस्करण का सफल परीक्षण किया। मिसाइल फायर सफल रहा और मिशन ने अपने सभी उद्देश्यों को हासिल कर लिया।

विस्तारित रेंज की यह नई ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 450 किलोमीटर तक के लक्ष्य को निशाना बना सकती है। सेना की ब्रह्मोस मिसाइल रेजिमेंट ने यह सफल परीक्षण पिन प्वाइंट सटीकता के साथ किया। इसके लिए एक अन्य द्वीप पर लक्ष्य रखा गया था, जिसे मिसाइल ने सटीक निशाना बनाया। इसके साथ भारतीय सेना के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है।

ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल दुनिया की सबसे तेज गति से मार करने वाली मिसाइल है। भारतीय सेना ने इसके भूमि हमले संस्करण का पहला परीक्षण 24 नवंबर 2020 को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से ही किया था।




भारत की ब्रह्मपुत्र और रूस की मोस्कवा नदी के नाम पर मिसाइल का नाम ब्रह्मोस रखा गया है। यह कंपनी भारत के डीआरडीओ और रूस के एनपीओ मशीनोस्त्रोयेनिया का साझा उद्यम है।

ब्रह्मोस देश की सबसे आधुनिक और दुनिया की सबसे तेज क्रूज मिसाइल है। यह मिसाइल पहाड़ों की छाया में छुपे दुश्मनों के ठिकानों को निशाना बना सकती है। यह एक ऐसी मिसाइल है जिसे पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों या जमीन से प्रक्षेपित किया जा सकता है। इसे तीनों सेनाओं में शामिल किया गया है।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस को भारत के रक्षा शोध और विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूस के एनपीओएम द्वारा संयुक्त रूप से बनाया गया है। इसका पहला सफल परीक्षण 12 जून, 2001 को किया गया था। इसके लिए भारत के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन के नाम से मशहूर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और रूस के प्रथम डिप्टी डिफेंस मंत्री एनवी मिखाइलॉव ने एक अंतर–सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। ब्रह्मोस मिसाइल मध्यम रेंज की रेमजेट सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है जिसे पनडुब्बियों, युद्धपोतों, लड़ाकू विमानों और जमीन से दागा जा सकता है। क्रूज मिसाइल उसे कहते हैं जो कम ऊंचाई पर तेजी से उड़ान भरती है और रडार की आंख से बच जाती है। सूत्रों ने बताया कि मिसाइल पहले से ही थलसेना, नौसेना और वायुसेना के पास है।

ब्रह्मोस मिसाइल कितनी शक्तिशाली है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चीन की सेना यह कहती रहती है कि अरुणाचल प्रदेश में सीमा पर ब्रह्मोस की तैनाती के बाद से उनके तिब्बत और यूनान प्रांत पर खतरा मंडराने लगा है।

## मायावती ने 'इंडिया' में शामिल होने की खबरों को बताया फर्जी

**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने 'इंडिया' गठबंधन में शामिल होने की खबरों को फर्जी करार देते हुए इसे एक एजेंडे के तहत भ्रम फैलाने की साजिश बताया और अपने समर्थकों से सावधान रहने की अपील की। मायावती ने बुधवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया " सपा नेता रामगोपाल यादव के हवाले से बीएसपी के 'इण्डिया' गठबंधन में शामिल होने के लिए मुलाकात की न्यूज चैनल पर प्रसारित खबर पूरी तरह से गलत, बेबुनियाद व फेक न्यूज। बार–बार ऐसी मनगढ़न्त खबरों से मीडिया अपनी इमेज खराब करने पर क्यों तुला है। कहीं ये सब किसी एजेण्डे के तहत तो नहीं।"



उन्होने कहा " मीडिया द्वारा ऐसी अनर्गल खबरों का सपा व उनके नेता द्वारा खण्डन नहीं करना क्या यह साबित नहीं करता है कि उस पार्टी की हालत यहाँ उत्तर प्रदेश में काफी बदहाल है और वे भी उस घृणित राजनीति का हिस्सा हैं जो बीएसपी के खिलाफ लगातार सक्रिय है।

# हमास पर इजरायल की जबरदस्त कार्रवाई, 2200 ठिकाने ध्वस्त, 14 यूएस नागरिकों सहित 1830 मौतें

**गाजा/यरुशलम।** इजरायल पर हमास चरमपंथियों के हमले के बाद इजरायली सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गाजा पट्टी पर जबरदस्त हमला किया है। हमले में हमास के 2200 ठिकाने ध्वस्त कर दिए हैं। दोनों पक्षों के 1830 लोगों की जान जा चुकी है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि गाजा पट्टी के 830 लोगों की मौत हो गई है और 4250 लोग घायल हो गए हैं।




हमास के हमले में 1000 से अधिक इजरायली नागरिकों की मौत की रिपोर्ट सामने आ रही है। इस बीच इजराइल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी समाचार ने बताया कि हमास द्वारा शनिवार को देश पर अचानक हमला किए जाने के बाद से इजराइल में कम से कम 1,008 लोग मारे गए हैं। युद्ध में दोनों पक्षों के करीब 1830 से ज्यादा लोगों की मारे जाने की रिपोर्ट प्राप्त हो रही है। यह युद्ध चौथे दिन में प्रवेश कर गया है, जिससे दोनों पक्षों को भारी नुकसान हुआ है। इजरायली सेना ने कहा कि गाजा के सत्तारूढ़ गुट, हमास और लेबनान में आतंकवादियों के साथ चल रहे संघर्ष में देश की मदद के लिए गोला–बारूद ले जाने वाला पहला अमरीकी विमान कल रात इजराइल पहुंचा।

इज़राइल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने एक बयान में कहा कि विमान उन्नत गोला–बारूद लेकर इज़राइल के दक्षिणी नेगेव रेगिस्तान में नेवातिम एयरबेस पर उतरा। अमरीकी सेंट्रल कमांड ने एक बयान में कहा कि यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड कैरियर स्ट्राइक ग्रुप स्थिति को बढने् या इस युद्ध को व्यापक बनाने की कोशिश करने वाले किसी भी हरकत को रोकने के लिए पूर्वी भूमध्य सागर में पहुंचा। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के अनुसार इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच चल रहे युद्ध में मारे गए अमरीकी नागरिकों की संख्या बढक़र 14 हो गई है। श्री बाइडेन ने कल एक भाषण में यह भी कहा था कि माना जाता है कि हमास आतंकवादियों द्वारा बंधक बनाए गए लोगों में अमरीकी भी शामिल हैं। तेहरान– ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने कल इजरायल के खिलाफ फिलिस्तीनी प्रतिरोध समूहों द्वारा किए गए हमलों में अपने देश की संलिप्तता के आरोपों को खारिज कर दिया।

तेहरान में एक स्नातक समारोह में ईरानी सशस्त्र बलों के कैडेट्स को संबोधित करते समय श्री खामेनई ने इजरायल के समर्थकों और कुछ इजरायली व्यक्तियों के आरोपों को 'निरर्थक' बताया है। शीर्ष नेता ने जोर देकर कहा कि जो कोई भी मानता है कि फिलिस्तीनी अपने दम पर हमले करने में असमर्थ हैं, वह उन्हें कम आंक रहा है। दक्षिणी अफ्रीकी देश बोत्सवाना भी इजराइल और गाजा में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय में शामिल हो गया है। बयान के अनुसार इजरायली–फिलिस्तीनी संघर्ष से सैकड़ों लोगों के घायल और विस्थापित होने सहित निदोष नागरिकों की जान चली गई है, साथ ही उनकी संपत्ति को भी बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। दोनों पक्षों द्वारा नागरिक आबादी पर जारी हमलों और हिंसा की निंदा करते हुए बोत्सवाना ने युद्धरत दोनों पक्षों से तुरंत शत्रुता बंद करने और शांतिपूर्ण तरीकों से बातचीत के जरिए समाधान निकालने का आह्वान किया।

## भाजपा के सम्राट पर भड़के नीतीश, कहा – उनकी बात का कोई मतलब नहीं

**पटना ,एजेंसी** । बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी पर जमकर भड़ास निकाली। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी के पिता तक की चर्चा करते हुए कहा कि उन्हें इज्जत किसने दी। उन्होंने यह भी कहा कि अंड– बंड बोलते रहता है, उसका कोई मतलब नहीं। पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान नीतीश से जब पत्रकारों ने सम्राट के लालू प्रसाद के दबाव में मुस्लिम और यादव की संख्या बढ़ाने के आरोप के संबंध में पूछा तो नीतीश भड़क गए।

## सुहानी नेगी का हुआ उत्तराखंड की टीम में चयन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : काशीरामपुर तल्ला निवासी सुहानी नेगी का अंडर-17 बालिका फुटबाल उत्तराखंड की टीम के लिए चयन हुआ है। बेटी की इस सफलता पर उनके स्वजनों के साथ ही शिक्षकों ने खुशी व्यक्त की है।

राजकीय स्टेडियम के फुटबाल प्रशिक्षक महेंद्र सिंह रावत ने बताया कि कुछ दिन पूर्व 22 सदस्यी टीम के चयन हेतु काशीपुर में 15 दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से खिलाड़ी पहुंचे हुए थे। बताया कि राष्ट्रीय स्तर के सभी मुकाबले उत्तराखंड की टीम उदयपुर राजस्थान में खेलेगी। पहला मुकाबला गोवा के साथ, दूसरा मुकाबला लद्दाख व अंतिम मुकाबला कर्नाटका के साथ होगा। फुटबाल कोच सुनील रावत ने बताया कि फुटबाल संघ वीरांगना तीलू रौतेली फुटबाल क्लब का गठन करने जा रहा है। जिसमें प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का बेहतर मौका मिलेगा।

# नींद से जागा नगर निगम, अतिक्रमण पर फेरी जेसीबी

## करीब डेढ़ माह पूर्व गोखले मार्ग में चिह्नित किया गया था अतिक्रमण

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार :** डेढ़ माह पूर्व गोखले मार्ग का अतिक्रमण चिह्नित करने के बाद आखिर नगर निगम की नींद खुल ही गई। बुधवार को नगर निगम ने गोखले मार्ग में प्रतिष्ठानों के बाहर अतिक्रमण कर बनाए गए लोहे के छज्जों को ध्वस्त किया। इस दौरान व्यापारियों ने नगर निगम से स्वयं ही अतिक्रमण हटाने के लिए 15 दिन का समय मांगा। जिसके बाद नगर निगम ने कुछ दिन के लिए अभियान पर विराम लगा दिया है।

उच्च न्यायालय के निर्देश पर अगस्त माह में नगर निगम की ओर से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया था। नगर निगम व प्रशासन ने पुलिस के साथ मिलकर शहर में तीस से अधिक अतिक्रमण चिह्नित किए थे। इसके लिए बाकायदा झंडाचौक से कोतवाली के मध्य निगम की नजूल भूमि पर बने बरामदों को खाली करवाया गया था। एक दिन अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के बाद नगर निगम व प्रशासन गहरी नींद में सो गया था। कुछ दिन पूर्व दैनिक जयन्त में नगर निगम व प्रशासन की इस लापरवाही को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी। जिसके बाद शनिवार को नगर निगम ने गोखले मार्ग के अतिक्रमणकारियों को 48 घंटे के भीतर स्वयं ही अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी। अभियान के तहत बुधवार



गोखले मार्ग में अतिक्रमण को ध्वस्त करती जेसीबी

को नगर निगम जेसीबी मशीन लेकर गोखले मार्ग में पहुंचा। इस दौरान व्यापारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। व्यापारी स्वयं ही अपने प्रतिष्ठानों के बाहर खड़े लोहे के छज्जों को हटाने लगे। निगम ने पांच से अधिक छज्जों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया। अभियान के दौरान मौके पर पहुंचे व्यापारियों ने नगर निगम से अतिक्रमण हटाने के लिए समय मांगा। व्यापारियों का कहना था कि जेसीबी से उनके भवनों को अधिक नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे में नगर निगम को उन्हें 15 दिन का समय देना चाहिए।

### भागने लगे रेहड़ी-ठेली वाले

गोखले मार्ग में पहुंची नगर निगम की टीम को देख रेहड़ी-ठेली वालों में भी अफरा-तफरी मच गई। वह अपना सामान लेकर गलियों को भागने लगे।

निगम अधिकारियों ने रेहड़ी-ठेली वालों को सड़क पर कब्जा न करने की सख्त चेतावनी दी। कहा कि यदि कोई भी रेहड़ी-ठेली वाला अतिक्रमण करता है तो उसका सामान जब्त कर दिया जाएगा। अतिक्रमण के कारण आमजन को सड़क पर चलने में परेशानी हो रही हैं।

## मनुष्य के लिए एक वरदान है विज्ञान, विषय में रूची बनाए विद्यार्थी : ब्लॉक प्रमुख

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : आदर्श राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज सतपुली में विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को जीवन में विज्ञान के महत्व के बारे में बताया। कहा कि विज्ञान मनुष्य के लिए एक वरदान है।

आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र राणा ने किया। उन्होंने कहा कि कभी हमें निबन्ध लिखने को मिलता था कि विज्ञान वरदान है या अभिशाप। वास्तव में विज्ञान मनुष्य के लिए एक वरदान है। आज विज्ञान का युग है। नई-नई खोजें जारी हैं। हमने चन्द्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण कर विश्व को चौंका दिया है। हमारे वैज्ञानिकों ने विश्व में अपना परचम लहरा दिया है।

कहा कि विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में अपनी रूची बढ़ानी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों की बेहतर पढ़ाई के लिए 11 हजार रुपये की धनराशि भी प्रदान की। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी डा. सुरेन्द्र सिंह नेगी, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज सतपुली, प्रधानाचार्य बालिका हाईस्कूल उमा श्रीवास्तव, एसएमपी अध्यक्ष चन्द्रकला देवी, पीटीए अध्यक्ष मान सिंह नेगी, विज्ञान कोर्डिनेटर महेंद्र, रश्मि रावत, अर्जुन नेगी, यतेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, देवकिशोर नेगी, अशोक रावत, अर्जुन सिंह, अनिल केष्टवाल, पुष्कर चौहान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रताप सिंह ने किया।

# दर्शकों को भावुक कर गया श्रवण कुमार का वध

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : बाल रामलीला कमेटी की आर से रामलीला मंचन का शुभारंभ कर दिया गया है। पहले दिन श्रवण कुमार की लीला का मंचन देख दर्शक भावुक हो गए। इस दौरान रामलीला का मंचन देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

**बाल रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित की गई रामलीला**



कोटद्वार में आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार

मंगलवार रात पुराना सिद्धबली मार्ग में आयोजित रामलीला का शुभारंभ डा. राजकुमार बिज, अधिवक्ता इंद्रेश भाटिया, पार्षद विपिन डोबरियाल व मनीराम शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मंचन के दौरान माता-पिता की इच्छा के मुताबिक श्रवण कुमार दोनों को कांवड़ में बिठाकर तीर्थ यात्रा करवाने निकलते हैं। जैसे ही वह अयोध्या के समीप वन में पहुंचे तो माता-पिता को प्यास लगी। श्रवण कुमार पानी लेने के लिए सरयू के तट पर गए। इस दौरान शिकार करने पहुंचे महाराज दशरथ ने श्रवण कुमार को हिरण समझा और तीर चला दिया। तीर लगने के बाद दशरथ वहां पहुंचे तो उन्होंने श्रवण कुमार को देखा। श्रवण कुमार की मृत्यु के बाद राजा दशरथ उसके माता-पिता को यह दुःखद समाचार सुनाते हैं। जिसके बाद पुत्र के वियोग में माता--पता भी दम तोड़ देते हैं। श्रवण कुमार का यह मंचन देख दर्शक भावुक हो जाते हैं। इस मौके पर कमेटी के संरक्षक ओमप्रकाश भाटिया, अध्यक्ष ज्ञान सिंह, सचिव नितिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, दिनेश शर्मा, संजय नौटियाल, उपाध्यक्ष दिनेश तड़ियाल, आशीष सतीजा, संजय रावत, अनिल नेगी, पंकज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## प्रश्नोत्तरी में साधना, शुभम, साक्षी रहे अव्वल

**पौड़ी** : अंतरराष्ट्रीय डाक सप्ताह के तहत फिलैटली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर तिमली में किया गया। प्रतियोगिता में साधना, शुभम व साक्षी रावत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। किया। जबकि चेतना, हिमांशु खत्री, सुनील मलासी, खुशी, आस्था, अभिषेक, संजना, मुस्कान, इशांत, लोकेंद्र, तनुप्रिया, विद्या, सिमरन को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। डाक विभाग के अधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं को भारतीय डाक विभाग द्वारा चलाई जा रही दीनदयाल स्पर्श योजना व ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर डाक विभाग के परिवाद निरीक्षक कादंबरी वर्मा, पोस्टमास्टर प्रवीन बसलियाल, दीपक मेहरा, अंकिता रावत, आशीष मोहन नेगी, अमित बिष्ट, संजय ममगांई, गणेश ध्यानी आदि शामिल रहे।

# रिदा और सौरभ बने ''आरम्भ 2023'' के मिस्टर और मिस फ्रेसर



आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : इन्सटीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी मैनेजमेंट एण्ड सांईन्सेस (आईएचएमएस) कोटद्वार में फ्रेसर पार्टी ''आरम्भ 2023'' का आयोजन किया गया। जिसमें बीबीए, बीसीए, बीएससीआईटी व बीएचएम के 168 नवीन छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। इस दौरान रिदा और सौरभ को मिस्टर और मिस फ्रेसर चुना गया।

कार्यक्रम में 28 प्रतिभागियों ने मिस्टर और मिस फ्रेसर 2023 के लिए प्रतिभाग किया। जिसमें उन्होंने रैम्प वॉक, प्रश्न उत्तर राउण्ड तथा टैलेन्ट राउंड में अपना हुनर दिखाया। समारोह में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां टाई लैग रेस, पॉप अ बलून, ग्रुप डांस, मिमिक्री आदि प्रस्तुत की गई। प्रतिभागियों द्वारा दो राउण्ड तक अपनी प्रतिभा दिखाने के पश्चात् कुल आठ प्रतिभागियों को अन्तिम राउण्ड के लिये चयनित किया गया। जिसमें उनसे पूछे गये प्रश्नों के आधार पर मिस्टर और मिस फ्रेसर बीबीए के सौरभ व बीएससीआईटी की रिदा को और मिस्टर और मिस परफोंमर बीसीए के आयुष तथा बीएससीआईटी की दिव्यानी को घोषित किया गया। जिन्हें संस्थान के प्रबन्ध निदेशक बीएस नेगी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक सपना रौथाण, श्रेया चंदोला, संस्थान के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी, निदेशक (शिक्षण) सुनील कुमार तथा समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## स्वयं सेवियों को बताया एनएसएस का महत्व

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार :** रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानकीनगर कोटद्वार में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्थापना दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना वार्षिक पुस्तिका एवं एनएसएस बैज भी प्रदान किया गया।




आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व अन्य

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती एवं कार्यक्रम अधिकारी राजन शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद स्वयंसेवी छात्र सलोनी एवं सुहानी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस के संदर्भ में अपने विचार रखे। प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने छात्र-छात्राओं को स्वयंसेवी बनने एवं उनके कर्तव्य के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एक स्वयंसेवी स्वयं से ही अपनी और समाज की सेवा करता है। कार्यक्रम अधिकारी राजन कुमार शर्मा ने बताया कि स्वयंसेवी मैं नहीं किंतु आप की प्रेरणा के साथ सदैव अपने कार्यों का कार्यान्वन करते हैं। इस अवसर पर स्वयंसेवी देवयानी ध्यानी, सोनू कुमार, रजत कुमार, आदित्य नेगी ने भी अपने विचार रखे। गोष्ठी में आचार्य रोहित बलोदी, राहुल भाटिया, शिवराम बडोला, संगीता रावत आदि उपस्थित रहे।

## एबीवीपी व निर्दलीय प्रत्याशी एनएसयूआई को टक्कर देने को तैयार

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : बीजीआर परिसर में 14 अक्टूबर को होने वाले छात्रसंघ चुनाव को लेकर सभी छात्र संगठनों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। इस बार एबीवीपी के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी एनएसयूआई को टक्कर देने के लिए तैयार है। तीन सालों से अध्यक्ष पद पर लगातार एनएसयूआई का कब्जा रहा है।

पिछले तीन सालों से लगातार अध्यक्ष पद पर अपना कब्जा जमा रही एनएसयूआई जहां फिर से जीत हासिल करने के लिए मैदान में है तो वहीं एबीवीपी इस बार अध्यक्ष के साथ ही सहसचिव पद पर कब्जा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। अध्यक्ष पद निर्दलीय प्रत्याशी भी कड़ी टक्कर देते हुए नजर आ रहे हैं। अध्यक्ष पद पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। बीजीआर परिसर में छात्रसंघ चुनाव में साल 2018 व 19 में अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई ने जीत हासिल की। साल 2020 व 21 में कोविड के चलते चुनाव नहीं हो पाए। इसके बाद 2022 में एक बार फिर एनएययूआई ने अध्यक्ष पर पद अपना कब्जा किया। सचिव पद भी साल 2017 से 2022 तक एनएसयूआई ही जीत हासिल करती रही।

## पढ़ाई के दिवस व घंटों का उपयोग सही से किया जाए : एडी

जयन्त प्रतिनिधि

**पौड़ी :** अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल ने विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण करने के बाद प्रधानाचार्यों को बोर्ड और गृह परीक्षाओं के मद्देनजर समय से पाठ्यक्रम को पूरा करने को कहा है। एडी माध्यमिक शिक्षा एसबी जोशी ने कहा कि स्कूलों में प्रयोगशालाओं के सभी उपकरण सही रखे जाए और समय सारणी के हिसाब से प्रयोगात्मक परीक्षाओं को लेकर बच्चों को तैयारियों को पूरा किया जाए। एडी ने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। कहा कि मूल्यांकन अब सीखने के प्रतिफल के आधार पर हो रहा है, लिहाजा इसी के आधार पर तैयारियां की जाएं और पढ़ाई के दिवस व घंटों का उपयोग सही से किया जाए।

एडी ने जीआईसी निसणी और जीआईसी क्यार्क की स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान निसणी में बिजली सप्लाई को लेकर दिक्कत बताई गई। जिस पर एडी ने प्रधानाचार्य को उरेडा के यहां सोलर सिस्टम के लिए आवेदन करने को कहा। जबकि राइंका क्यार्क के मैदान में झाड़ियों को साफ करने और स्कूल के सौंदर्यकरण पर ध्यान देने के लिए कहा गया। इसी के साथ यहां पुराने विद्यालय भवन के ध्वस्तीकरण को लेकर प्रक्रिया के तहत कदम उठाने के लिए भी कहा गया। एडी ने कहा कि बोर्ड और गृह परीक्षओं को देखते हुए बच्चों की यदि कोई अतिरिक्त कक्षाएं संचालित होनी हो तो उसे संचालित किया जाए, ताकि पाठ्यक्रम समय से पूरा हो सके और परीक्षाओं के मद्ुदेनजर बच्चों की तैयारियां प्रभावित न हो। इसके साथ ही बीते साल की अपेक्षा रिजल्ट में सुधार किए जाने पर भी जोर दिया गया।

## अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा

पौड़ी : पौड़ी पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्यवाही कर रही है। जनपद में गैंग बनाकर आपराधिक कृत्य करने वाले अपराधियों के खिलाफ पुलिस की गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई जारी है। पिछले 1 साल में पुलिस ने अभी तक 25 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देश पर सभी थानाध्यक्षों द्वारा गैंग बनाकर अपराध करने वाले अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी ने बताया कि जिले में गैंग बनाकर अपराध करने वाले अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। सभी थानाध्यक्षों को गैंग बनाकर अपराध करने वाले अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। पिछले 1 साल में अभी तक 25 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। कहा कि इन अपराधियों को किसी भी कीमत में बख्शा नहीं जाएगा।

# बेटियों के बेहतर कल के लिए उनके आज को संवारने की जरूरत

जयन्त प्रतिनिधि।

**थलीसैंण** : अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय थलीसैंण में हमारा समय हमारे अधिकार हमारा भविष्य थीम पर जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम समन्वयक आशीष रावत ने कहा कि समाज में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नही हैं। समाज में बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए, बालिकाओं के लिए समाज में समान शिक्षा, मौलिक आजादी सशक्त, सुरक्षित और बेहतर माहौल होना चाहिए। कहा कि भारतीय संविधान व कानून भी महिलाओं को समानता और सुरक्षा का अधिकार प्रदान करता है, बेटियों के कल को बेहतर बनाने के लिए उनके आज को



संवारने की जरूरत है।

कार्यक्रम समन्वयक आशीष रावत द्वारा लिंग चयन, लैंगिक भेदभाव के संबंध में व अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाने वाली कार्यवाही व प्रक्रिया के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। कहा कि समाज में बालिकाओं के साथ भेदभाव को मिटाने उनकी स्थिति को बेहतर बनाने व उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी लिंगानुपात को कम करने और बालिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर समय-समय पर जन जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाते हैं। उन्होंने कहा कि जिले में लिंगानुपात की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। समाज में बालिकाओं के साथ सामाजिक भेदभाव और सामाजिक शोषण पर विराम लगना चाहिए, जिसका बालिकाएं हर रोज सामना करती हैं। कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य डा. रेनू बंसल, मनमोहन देवली, नम्रता गुसांई आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुधीर रावत ने किया।

## अमृत कलश में भरी मिट्टी को देहरादून भेजा

### शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि

**सतपुली** : एकेश्वर ब्लाक में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एकेश्वर ब्लाक के विभिन्न शहीद के गांवों से लाई गई मिट्टी को अमृत कलश में भरकर देहरादून भेजा गया। इस मौके पर शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया। साथ ही शहीदों के नाम का शिला फलक तैयार किये गये।



बुधवार को एकेश्वर ब्लॉक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख नीरज पांथरी ने वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि इन वीर शहीदों की वजह से ही हम आजादी की खुली सांस ले रहे है। कहा कि शहीदों के नाम के शिला फलक हमारी आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देगें। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी डीपीएस नेगी ने शहीदों के परिजनों एवं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद कुंवर सिंह रावत के परिवार से पदम सिंह, शहीद केशन सिंह रावत के परिवार से उनके पुत्र बचन सिंह, मातवर सिंह, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओमप्रकाश पंत के परिवार से डॉ. रमेश मियां, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कुंवर सिंह नेगी के परिवार से उनकी बहू श्रीमती विमला देवी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बुद्धि सिंह के परिवार से निखिल असवाल, शहीद धर्मवरी असवाल के परिवार से आकाश सिंह असवाल, शहीद देवेन्द्र बडोला के परिवार से रामाधर बडोला को पुष्प गुच्छ भेंटकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सहायक खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार गौतम, ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार भट्ट, राकेश बाबू शाह, प्रधान बिंजोली तेजपाल सिंह पंवार, प्रधान डयूल्ड रविन्द्र घिल्डियाल, सदस्य क्षेत्र पंचायत सदस्य छामा बड़ा धर्मवीर सिंह, सुधीर सिंह, तेजपाल सिंह, सतीश बडोला आदि मौजूद थे।

DESTINATION UTTARAKHAND







# उत्तराखण्ड को ₹ 4200 करोड़ की परियोजनाओं का उपहार

**इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल, खेल एवं पर्यटन, आपदा प्रबंधन, बागवानी से जुड़ी कुल 23 विकास परियोजनाओं का**



उत्तराखण्ड को महत्व देने के लिए प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद। हम निश्चित रूप से मोदी जी की आकांक्षाओं का उत्तराखण्ड बनाएंगे। प्रदेश के लिए उनका योगदान वृहद एवम् महत्वपूर्ण है। उत्तराखण्ड से उनका रिश्ता मर्म एवं कर्म का है। प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हरसंभव प्रयास। आज उत्तराखंड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## लोकार्पण एवं शिलान्यास

प्रधानमंत्री
**नरेन्द्र मोदी**
के कर कमलों द्वारा

## शिलान्यास
**₹ 2845 करोड़ की 13 परियोजनाएँ**

**किसानों की आय में होगी वृद्धि**
- 21398 पॉली-हाउस निर्माण की योजना
- उच्च घनत्व वाले सघन सेब बागानों की योजना

**इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास**
- राष्ट्रीय राजमार्गों पर 02 लेन एवं ढलान उपचार के 05 कार्य
- राज्य में 32 पुलों का निर्माण

**आपदा प्रबंधन को मजबूती**
- एसडीआरएफ के तहत अग्नि सुरक्षा बुनियादी ढांचे और बचाव उपकरणों को मजबूत करना
- देहरादून में राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (SEOC) का अपग्रेडेशन
- बलियानाला, जनपद नैनीताल में भूस्खलन की रोकथाम हेतु उपचार

**शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं का विस्तार**
- 20 मॉडल डिग्री कॉलेजों में हॉस्टल और कंप्यूटर लैब का निर्माण
- सोमेश्वर, अल्मोड़ा में 100 बिस्तरों वाला उप जिला अस्पताल
- चंपावत में 50 बिस्तरों वाले अस्पताल ब्लॉक का निर्माण
- रूद्रपुर में वेलो-ड्रोम निर्माण कार्य
- स्पोर्ट्स स्टेडियम, हल्द्वानी में एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान का निर्माण

**चार धाम की भांति मानसखंड के मंदिर क्षेत्रों का विकास**
- मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत जागेश्वर धाम, हाट कालिका एवं नैना देवी मंदिर में अवस्थापना सुविधाओं का विकास

## गरिमामयी उपस्थिति

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

अजय भट्ट
केंद्रीय राज्य मंत्री

**मंत्री, उत्तराखंड सरकार**
सतपाल महाराज
गणेश जोशी
प्रेमचंद अग्रवाल
सुबोध उनियाल
डॉ. धन सिंह रावत
रेखा आर्या
सौरभ बहुगुणा

**सांसद**
डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक
अजय टम्टा
कल्पना सैनी
नरेश बंसल
[illegible]

12 अक्टूबर, 2023 (बृहस्पतिवार)
समय : अपराह्न 2:30 बजे
स्थान : श्री सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम, पिथौरागढ़

## लोकार्पण
**₹ 1349 करोड़ की 10 परियोजनाएँ**

**इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास**
- पीएमजीएसवाई के तहत 76 सड़कें
- पीएमजीएसवाई के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 25 पुल
- 09 जिलों में 15 ब्लॉक कार्यालय भवन
- केन्द्रीय सड़क निधि के अन्तर्गत 03 सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य
  - कौसानी - बागेश्वर रोड
  - धारी - डोबा - गिरेछिना रोड
  - नगला - किच्छा एस एच रोड डबल लेन
- राष्ट्रीय राजमार्गों को 2 लेन एवं सुदृढ़ीकरण करने का कार्य
  - एन एच 309 बी - अल्मोड़ा - पेट्सल - पनुआनौला - दन्या
  - एन एच - टनकपुर - चल्थी
- प्रदेश में 39 पुल एवं देहरादून में यूएसडीएमए भवन

**पर्वतीय क्षेत्रों में पेयजल और बिजली सुविधाओं की उपलब्धता**
- 38 ग्रामीण पंपिंग पेयजल योजनाएं और 03 ट्यूबवेल आधारित पेयजल योजनाएं
- 419 ग्रामीण ग्रेविटी पेयजल योजनाएं
- थरकोट, पिथौरागढ़ में कृत्रिम झील
- 132 केवी पिथौरागढ़-लोहाघाट-चंपावत ट्रांसमिशन लाइन



सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

# सीडीओ झरना कमठान की अध्यक्षता में जिला जल स्वच्छता मिशन की बैठक



देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेज्ट में जिला जल स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला जल स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत संचालित कार्यों को दिसम्बर 2023 तक पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने योजनाओं को पूर्ण करने में राजस्व एवं वन विभाग से सम्बन्धित प्रकरणों पर विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय करते हुए निस्तारण करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने योजनाओं में भूमि सम्बन्धी प्रकरण पर राजस्व विभाग तथा वन सम्बन्धी प्रकरणों में वन विभाग से समन्वय करते हुए योजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश जल संस्थान एवं पेयजल निगम के अधिकारियों को दिए। उन्होंने विकासनगर अन्तर्गत नलकूप जलाशय ऊर्ध्व योजना के सम्बन्ध में भूड्डी, धूलकोट, बिदोली, माजरी मयचक, कारबारीग्रान्ट के भूमि सम्बन्धी प्रकरणों को तीन दिन के भीतर निस्तारण करने के निर्देश उप जिलाधिकारी विकासनगर तथा पेयजल निगम एवं जल संस्थान के अधिकारियों को दिए। ऋषिकेश क्षेत्रान्तर्गत प्रतीतनगर, खड़क माफी, शाहबनगर में योजनाओं के क्रियान्वयन में भूमि सम्बन्धी प्रकरण को समन्वय करते हुए तीन दिन के भीतर निस्तारण के निर्देश उप जिलाधिकारी ऋषिकेश एवं पेयजल निगम एवं जल संस्थान के अधिकारियों को दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने वन प्रभागों के अन्तर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को सम्बन्धित वन प्रभाग से समन्वय करते हुए निस्तारित करने के निर्देश दिए।

## मृतक आश्रितों के समर्थन में आए निगम कर्मचारी

देहरादून। रोडवेज में नियुक्ति की मांग को लेकर धरने दे रहे मृतक आश्रितों के आंदोलन को राज्य निगम कर्मचारी महासंघ ने भी समर्थन दिया है। महासंघ ने चेताया कि यदि 15 दिन के भीतर मृतक आश्रितों को रोडवेज में अनुकंपा के आधार नियुक्ति नहीं मिलती है तो निगम कर्मचारियों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। एकता विहार में धरने पर बैठे मृतक आश्रितों ने दूसरे दिन सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। राज्य निगम कर्मचारी–अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुसाईं महासंघ के अन्य पदाधिकारियों के साथ धरना पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मृतक आश्रितों के अन्याय हो रहा है। सभी विभागों में अनुकंपा के आधार पर मृतक आश्रितों को नौकरी मिल रही है, सिर्फ रोडवेज में ही नौकरी पर रोक लगाई गई।

## अजय कुमार बने वन बीट अधिकारी संघ कालसी के अध्यक्ष

विकासनगर। वन आरक्षी प्रशिक्षण केंद्र रामपुर मंडी में बुधवार को वन आरक्षी वन बीट अधिकारी संघ कालसी भूमि संरक्षण वन प्रभाग के द्वितीय वार्षिक अधिवेशन में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अजय कुमार बेलवाल को अध्यक्ष चुना गया। अधिवेशन के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि उप प्रभागीय वन अधिकारी कालसी डॉ. शिप्रा शर्मा ने अधिवेशन का शुभारंभ किया। इस मौके पर उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. शिप्रा ने कहा कि कर्मचारियों को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जायेगा। कहा कि कर्मचारी संगठन के लोगों को विभागीय कार्यों पर विशेष ध्यान दें। विभागीय हितों में काम करना चाहिए। कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं को संगठन को अधिकारियों के समक्ष लाना चाहिए, जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके, लेकिन कर्मचारी हितों की रक्षा के साथ साथ विभागीय जिम्मेदारियों को भी निभाना होगा। जिससे विभाग को किसी तरह से नुकसान न हो सके। वनों और वन्य जीवों की रक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। अधिवेशन में नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद पर अजय कुमार बेलवाल, महामंत्री पद पर अंकित चौहान तथा कोषाध्यक्ष पद पर रिंकू शर्मा, संरक्षक पद पर निधि सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया।

## कालसी व चकराता तहसीलदार के अवकाश पर जाने से आमजनता को हो रही परेशानी

विकासनगर। कालसी और चकराता के पंचायत प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में कहा कि तहसीलदार कालसी व चकराता पिछले दस दिनों से अवकाश पर हैं। कहा कि तहसीलदार का चार्ज किसी को नहीं सौंपा गया है, जिससे क्षेत्र की जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि तहसीलदार के अवकाश पर जाने पर नायब तहसीलदार को चार्ज दिया जाना चाहिए, जिससे लोगों के काम अधर में न लटक सकें।

कालसी विकास के पंचायत प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी देहरादून को भेजे पत्र में कहा कि तहसीलदार पिछले दस दिनों से अवकाश पर हैं। तहसीलदार ने अपना चार्ज नायब तहसीलदार को नहीं दिया है, जिससे क्षेत्र के लोगों के प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री आदि के काम अटके पड़े हैं। बताया कि कई बार एसडीएम से भी शिकायत की गयी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

कहा कि तहसीलदार के अवकाश पर जाने की स्थिति में तहसीलदार का चार्ज नायब तहसीलदार को दिया जाना चाहिए, जिससे लोगों के काम सफर न करें और तत्काल लोगों के कार्य पूरे किये जाए। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में प्रधान संगठन कालसी के अध्यक्ष जवाहर सिंह चकित, सचिव अनिल तोमर, अमजद, जगतसिंह, अतरसिंह, युद्धवीर सिंह, कपिल आदि शामिल रहे।

**ब्लॉक प्रमुख ने एसडीएम को लिखा पत्र**

ब्लाक प्रमुख चकराता निधि राणा ने उपजिलाधिकारी चकराता को एक पत्र प्रेषित कर तहसीलदार के छुट्टी पर रहने पर चार्ज नायब तहसीलदार को दिए जाने की बात कही है।उपजिलाधिकारी चकराता को प्रेषित पत्र में उन्होंने लिखा है की तहसीलदार चकराता कई दिनों से बार बार छुट्टी पर चली जाती हैं। जिससे क्षेत्र की जनता के कार्य लंबित पड़े रहते है। कहा कि लोगो के प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण, रजिस्ट्री, सहित कई कार्य तहसीलदार के छुट्टी पर चले जाने से लंबित पडे रहते हैं।

## हिन्दू संगठनों ने किया इजराइल पर हमास के हमले का विरोध

देहरादून। इजराइल पर आंतकी संगठन हमास के हमलों के विरोध में संयुक्त हिन्दु संगठनों ने दून के लैंसडाउन चौक में प्रदर्शन किया और कट्टरपंथी ताकतों का विरोध करते हुए हमास का पुतला फूंका। लैंसडाउन चौक पर प्रदर्शन करते हुए पहुंचे हिन्दूवादी संगठनों ने कहा कि लोगों को इजराइल पर हमले से सबक लेना चाहिए कि कट्टरपंथी ताकतें देश को भी अपने चपेट में ले सकती हैं। हमास द्वारा जिस तरह से इजरायली नागरिकों व विदेशी पर्यटकों की हत्याएं की जा रही है वह अमानवीय है। हिन्दू जागरण मंच के हिन्द प्रताप सिंह ने कहा कि संकट की इस घड़ी में भारत इजरायल के साथ खड़ा है।

## मुख्य विकास अधिकारी झरना ने विभागों को अवमुक्त धनराशि को जल्द व्यय करने के दिये निर्देश

देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में जिला योजना, राज्य सेक्टर, केन्द्र पोषित, बाह्य सहायतित योजना,20 सूत्री कार्यक्रम एवं टास्क फोर्स योजनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक हुई।

मुख्य विकास अधिकारी ने जिला योजना में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष कम व्यय करने वाले विभागों को अवमुक्त धनराशि को जल्द व्यय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन से जिला योजना मद में शत–प्रतिशत बजट अवमुक्त हो चुका है। इस हेतु जिन विभागों को दूसरी और तीसरी किश्त आवंटित होनी है वे विभाग आज ही फाइल प्रस्तुत कर बजट अवमुक्त करवाने की कार्रवाई शुरू करना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव निकट है और आदर्श आचार सहिंता प्रभावी होने से पूर्व



विकासात्मक कार्यों में तेजी लाते हुए अवमुक्त धनराशि को माह दिसम्बर तक हर हाल में शत–प्रतिशत व्यय करना सुनिश्चित करें। बैठक में अधिशासी अभियंता जल संस्थान के उपस्थित न रहने पर मुख्य विकास अधिकारी ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। राज्य सेक्टर की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने 60 फीसदी से कम बजट खर्च करने वाले विभागों के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त की और ऐसे सभी विभागों को चेतावनी पत्र देने के निर्देश दिए।

## गोरखा मिलिट्री इंटर कॉलेज, गढ़ी कैंट में हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

देहरादून। जनपद के गोरखा मिलिट्री इंटर कॉलेज, गढ़ी कैंट, देहरादून में एक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में वरिष्ठ सिविल जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून हर्ष यादव द्वारा छात्र–छात्राओं को बालकों के विशिष्ट अधिकार, भारत के संविधान में वर्णित मूल अधिकार, किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015, पोक्सो एक्ट 2012, महिला एवं बालकों के विरुद्ध विभिन्न अपराध, बाल श्रम से संबंधित प्रावधान, नशे की समस्या एवं मानसिक स्वास्थ्य




आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपाली जुगरान द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून का धन्यवाद दिया गया तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम विद्यालय में बच्चों को विधिक जानकारी देने हेतु आयोजित किए जाने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम का संचालन उमेश्वर रावत द्वारा किया गया।

## श्री दरबार साहिब के महंत से मरीजों के लिए हेली सेवा का आग्रह

देहरादून। गंगोत्री के पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण, राजपुर रोड के पूर्व विधायक राजकुमार ने श्री गुरुरामराय दरबार साहिब के श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने श्रीमहंत से पहाड़ की विकट स्वास्थ्य सुविधाओं का जिक्रकरते हुए दरबार साहिब से मरीजों के लिए हेली सेवा प्रारंभ करने का आग्रह किया। पूर्व विधायकों ने इस मुलाकात में श्रीमंहत को मां गंगा का पवित्र जल भेंट कर विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि श्री दरबार साहिब व इन्द्रेश अस्पताल द्वारा गरीब असहाय लोगों उत्तम स्वास्थ्य सेवा का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने दूरदराज के ग्रामीण अंचलों से आने वाले मरीजों का महंत इन्द्रेश अस्पताल में समुचित इलाज मुहैया करवाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने अस्पताल में नवीनतम कैंसर सेंटर स्थापित करने व दुर्गम् इलाकों के मरीजों के लिए हैली सेवा प्रारंभ करने की भी मांग की क्योंकि बसों या अन्य साधनों से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## गाजणा में ग्रामीणों ने खुद भांग की खेती नष्ट की

उत्तरकाशी। अवैध नशे को लेकर पुलिस की सख्ती के बाद डुंडा के गाजणा क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों ने भांग की खेती को खुद ही नष्ट किया है। साथ ही ग्रामीणों ने पुलिस को आश्वस्त किया है कि अब दोबारा प्रतिबंधित भांग की खेती नहीं करेंगे। प्रतिबंधित खेती के बहिष्कार करने का लिखित आश्वासन दिया। पुलिस ने इन गांवों में फ्लैगमार्च कर ग्रामीणों को नशे की अवैध खेती के खिलाफ व्यापक स्तर पर जागरुक किया। नशे के खिलाफ उत्तरकाशी पुलिस की उदयन मुहिम रंग ला रही है। बीते माह उत्तरकाशी पुलिस प्रशासन, वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दूरस्थ क्षेत्र गाजणा पट्टी के सिरी व कोनगढ़ में छापेमारी कर बड़े स्तर उगाई गई प्रतिबन्धित भांग की खेती को नष्ट किया गया। इसके बाद अवैध खेती के विनिष्टीकरण की कार्यवाही में ग्रामीण स्वयं आगे आए हैं। एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया कि क्षेत्र के भड़कोट, सटियालधार, कमद, ठाण्डी, बागी, जालंग, कुमारकोट, नैपड़, पोखरियाल गांव, न्यूगांव, न्यूसारी, बड़ेथ, भैंत आदि गावों में ग्रामीणों ने अपने–अपने गांव व क्षेत्र में भांग की खेती को खुद ही नष्ट किया है। उक्त गांव के जनप्रतिनिधियों ने पुलिस को लिखित आश्वासन दिया है कि दोबारा भांग की खेती नहीं करेंगे।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दिनेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस व राजस्व की टीम ने धौंतरी बाजार समेत गाजणा के इन गांवों में फ्लैगमार्च भी किया। फ्लैगमार्च के दौरान नायब तहसीलदार धौंतरी शैलेन्द्र सिंह नाथ, एसआइ केदार सिंह चौहान, एसआइ दिलमोहन सिंह बिष्ट, एसआइ गीता, एसआइ सुश्री दीपशिखा, मनीष कवि आदि थे। एसपी ने बताया कि अभी तक जनपद के दूर–दराज के क्षेत्रों मे ग्रामीणों द्वारा पैदा की गयी करीब 1300 नाली भू–भाग पर अवैध भांग व अफीम की खेती को नष्ट किया जा चुका है।

### एक नजर

## ठाकुरपुर, शुक्लापुर, अम्बीवाला में सड़कें ठीक करने की मांग

देहरादून। क्षेत्रीय निवासियों ने पेयजल निगम से ठाकुरपुर, शुक्लापुर, अम्बीवाला आदि इलाकों में क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक करने की मांग की है। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने पेयजल निगम की विश्व बैंक परियोजना इकाई कार्यालय इंदिरानगर में प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। क्षेत्र पंचायत सदस्य मंजू नेगी के नेतृत्व में ईई एम हसन से हुई बातचीत में उपभोक्ताओं ने बताया कि पेयजल योजना का काम अब अपने अंतिम पड़ाव में पहुंच चुका है। फिर भी क्षेत्र में पेयजल समस्या बनी हुई है। बरसात बंद हो चुकी है मगर जहां पर पेयजल लाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई थी वहां पर अभी तक सड़कें नहीं बनाई गई हैं। जिससे बार बार हादसे हो रहे हैं। कई स्थानों पर नई बिछी लाइनों से भी लीकेज हो रहा है। लक्ष्मीपुर क्षेत्र में मोटर चलाने पर भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। शिकायत के बावजूद समस्या का निस्तारण नहीं हो रहा। पेयजल निगम के ईई ने जल्द समस्या समाधान का आश्वासन दिया।

## पेयजल निगम का कार्यालय शिफ्ट करने की मांग

देहरादून। मेंहूवाला क्लस्टर पेयजल योजना संचालित कर रही पेयजल निगम की विश्व बैंक परियाजना इकाई के ईई कार्यालय को इंदिरानगर से प्रोजेक्ट क्षेत्र में संचालित करने की मांग को लेकर प्रोजेक्ट क्षेत्र के निवासियों ने पेयजल निगम के प्रबंधन निदेशक कार्यालय में ज्ञापन प्रेषित किया। ई–मेल से भेजे गए ज्ञापन में शिकायत निवारण समिति सदस्य वीरू बिष्ट ने बताया कि ये कार्यालय इंदिरानगर में किराए के भवन में है। जो कि प्रोजेक्ट क्षेत्र से काफी दूरी पर स्थित है। यहां मुख्य गेट पर मकान मालिक के कुत्ते बैठे रहते हैं। जिससे उपभोक्ताओं को कार्यालय जाने में दिक्कत होती है।

## पुरोला में जिला स्तरीय मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिताएं शुरू

उत्तरकाशी। खेल मैदान पुरोला में जिला स्तरीय मिनी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता विधिवत रूप से शुरू हो गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण तथा प्रमुख रीता पंवार ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं इस मौके पर गत वर्ष ब्लॉक में चैम्पियन रहे जूनियर हाई स्कूल चन्देली के छात्र कीर्तन ने मशाल जलाकर मैदान का चक्कर लगाया और खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत की। खेल मैदान पुरोला में बुधवार से शुरू हुई जनपद स्तरीय खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में जनपद के 6 ब्लॉकों से 195 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 700 से अधिक छात्र–छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। जो 100, 200, 400 व 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, खो–खो, कबड्डी, गोला फेंक, चक्का फेंक, बैटमिंटन, जुड़ो के साथ ही समूह गान, लोक नृत्य, सुलेख, मानचित्र व एकांकी आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण ने कहा कि शिक्षा खेल प्रेम की के साथ खेलना भी जरूरी है। इससे बच्चों का सर्वागीण विकास होता है। उन्होंने छात्रों के प्रोत्साहन के लिए 51 हजार रुपये भेंट किए। वहीं कार्यक्रम में विधायक गंगोत्री सुरेश चौहान ने अपने प्रतिनिधि गंगेश परमार के माध्यम से एक लाख रुपये देने की घोषणा की। इस मौके पर डीईओ प्राथमिक अमित कोटियाल, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कैंतुरा, कौशल्या बिजल्वाण, महेश शर्मा, दलवीर रावत, सुनील, ममराज आदि खेल प्रभारी शिक्षक, शिक्षिकाएं व खेल प्रतिभागी मौजूद रहे।

## जौनसार बावर की बदहाल संचार सेवाओं को लेकर महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा

विकासनगर। चकराता विधानसभा में लचर हो चुकी बीएसएनएल की संचार सेवाओं को दुरुस्त किये जाने की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने महाप्रबंधक दूरसंचार ओपी कन्नौजिया को ज्ञापन सौंपा। कहा कि संचार सेवाओं के खराब रहने के कारण पहाड़ी क्षेत्र के लोग देश व प्रदेश से पूरी तरह अलग–थलग पड़ जाते हैं, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। महाप्रबंधक को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने लिखा है कि जौनसार बावर एक जनजातीय क्षेत्र है।

जहां के दूर दराज के क्षेत्रों में आज भी संचार व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। आये दिन ओएफसी लाइन कटने या अन्य कारणों से नेटवर्क गायब हो जाता है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आजकल अधिकांश कार्य ऑनलाइन होते हैं, लेकिन क्षेत्र में आये दिन संचार व्यवस्था ठप पड़ी रहती है। कहा कि कई जगह नए टावर स्थापित किये जाने की आवश्यकता भी है, लेकिन विभाग इस पर गम्भीर नहीं है।

## 16 अक्टूबर को दून आएंगी अभिनेत्री अमिशा पटेल

देहरादून। बॉलीवुड एक्टिंग स्कूल ऑफ़ आर्ट्स और बंटी एंटरटेनमेंट , ग्रुवी एंजल आगामी 16 अक्टूबर को एक भव्य " इंडिया स्टार अचीवर्स अवॉर्ड्स 2023" करने जा रहा है जिसमें बतौर सेलिब्रिटी गेस्ट गदर फिल्म की बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल मौजूद रहेंगी। इस संबंध में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन आज उत्तरांचल प्रेस क्लब में किया गया, जिसके आयोजक अमित गुप्ता, गुरुचरण लाल सदाना है और शो के डायरेक्टर जुलफुकार टाइगर है।अमित गुप्ता ने बताया की वे पिछले कई सालों से फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा रहे हैं और बड़ी–बड़ी अवॉर्ड्स नाइट एवं सेलिब्रिटी इवेंट्स करते रहे हैं। इसी क्रम में अब इस बार देवभूमि उत्तराखंड देहरादून में बॉलीवुड एक्टिंग स्कूल आफ आर्ट्स के साथ मिलकर वह एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन करने जा रहे हैं। उन्होंने



बताया कि बॉलीवुड एक्टिंग स्कूल ऑफ़ आर्ट्स जो की जुल्फुकार टाइगर और गुरुचरण लाल सदाना चला रहे हैं बॉलीवुड एक्टिंग स्कूल ऑफ आर्ट्स के छात्रों को भी इससे प्रोत्साहन मिलेगा और कुछ सीखने को मिलेगा। सम्मान समारोह में विभिन्न कैटिगरीज में देश भर से कई लोगों को सम्मानित किया जा रहा है जो कि समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है।

पत्रकार वार्ता में जुल्फुकार टाइगर ने बताया कि बॉलीवुड एक्टिंग स्कूल ऑफ़ आर्ट्स पिछले 23 सालों से देहरादून में चल रहा है और उनका मकसद छात्रों को फिल्म जगत की हस्तियों से रूबरू कराना और फिल्म इंडस्ट्री के गुरों को सिखाना रहा है । इससे पूर्व भी वह कई आयोजन ऐसे कर चुके हैं जिसमें बॉलीवुड से जुड़ी हस्तियां छात्रों से रूबरू होकर उनको काम के टिप्स देती रही है।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर पछुवादून में होनहार बेटियों को किया सम्मानित

विकासनगर। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर पछुवादून में कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज की होनहार बेटियों को सम्मानित किया गया। बेटियों ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बताया कि उचित संसाधन मिलने पर वो भी आसमान छू सकती हैं। बाल विकास विभाग की ओर से नगर पालिका टाउन हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं के साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही बेटियों को सम्मानित किया गया। विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि बेटियां गौरव हैं।

बेटियों के बिना सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती है। कहा कि बेटियों को सशक्त बनाकर अपनी संस्कृति, परंपरा को बचाए रखना हम सब का नैतिक दायित्व है। विधायक ने कहा कि बेटियों के बिना एक समृद्ध और सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। आज इस अवसर पर ह्नबेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओह्न मुहिम के माध्यम से बेटियों को सशक्त और अधिकार संपन्न बनाने का संकल्प लें। कहा कि सनातन संस्कृति में बेटियों को देवी का स्वरूप माना जाता है।

**बेटियों को अवसर मुहैया कराने चाहिए: एसडीएम**

टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम विनोद कुमार ने कहा कि बेटियों की क्षमता और शक्तियों का पहचान कर उन्हें उचित अवसर मुहैया कराए जाने चाहिए। बताया कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य दुनिया भर की बेटियों की आवाज को सशक्त कर उनके सामने आने वाली चुनौतियों और उनके अधिकारों के संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करना है। यह दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि, यह लिंग–आधारित चुनौतियों को समाप्त करता है।

**धात्री महिलाओं को महालक्ष्मी किट दी**

कार्यक्रम के दौरान बेटियों को सम्मानित करने के साथ ही पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई।

## एडीएम के माध्यम से पीएम को भेजा ज्ञापन

उत्तरकाशी। प्रेस क्लब उत्तकाशी पे देश भर से प्रकाशित समाचार पत्र–पत्रिकाओं की प्रति 48 घंटे के भीतर आरएनआई कार्यालय, नई दिल्ली अथवा प्रेस इनफार्मेशन ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालयों में जमा कराने की प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनवाने की मांग उठाई है।

बुधवार को इस संबंध में प्रेस क्लब अध्यक्ष उत्तरकाशी चिरंजीव सेमवाल के नेतृत्व में अपरजिलधिकारी उत्तरकाशी तीर्थ पाल सिंह के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन प्रेषित किया।

## रैली निकाल बेटियों के सम्मान व उनकी सुरक्षा का दिया संदेश

हल्द्वानी। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर साथी संगठन ने शहर में रैली निकाली। जिसमें विभिन्न सामजिक व राजनीतिक संगठनों के साथ सीनियर सिटीजन, गवर्नमेंट पेंशनर्स, व्यापारियों व स्कूली छात्रों ने प्रतिभाग किया। रैली के माध्यम से देश की बेटियों के सम्मान व उनके संरक्षण के लिए प्रेरणाप्रद नारों का उद्घोष किया गया।

बुधवार को रैली को महिला डिग्री कॉलेज के प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नवाबी रोड, तिकोनिया चौराहा, डिग्री कॉलेज, दुर्गा सिटी सेंटर, वाल्मीकि मंदिर होते हुए वापस महिला डिग्री कॉलेज पहुंची। रैली में पोस्टर्स, चार्ट, स्लोगन, बैनर व नारे आदि के माध्यम से बेटियों का सम्मान व उनकी सुरक्षा का संदेश दिया गया। संचालन गवर्नमेंट पेंशनर्स के अध्यक्ष लीलाधर पांडे व महासचिव विजय तिवारी ने किया।

इस मौके पर आनंद ठटोला, आरपी सिंह, जगदीश खोलिया, भुवन जोशी, आनंद भाकुनी, वीएस भाकुनी, सुरेंद्र बिष्ट, नीमा, कमला, रूपेंद्र नागर, श्याम चिलवाल, कंचन अधिकारी, कुंदन अधिकारी, रितु, पीसी शर्मा, विजय तिवारी समेत महिला डिग्री कॉलेज के प्राध्यापक व स्टाफ मौजूद रहा।

# बालिका दिवस पर ली कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम व जागरूकता की शपथ



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन' के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर लिंगानुपात को वृहद जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत 02 महाविद्यालयों, 07 विद्यालयों सहित कुल 45 स्थानों पर टॉक शो व गोष्ठियों का आयोजन कर लिंगानुपात संतुलन पर चर्चा की गई। इस अवसर पर लिंगानुपात संतुलन की दिशा में सरकारी प्रयासों को साकार करने के लिए सामाजिक स्तर पर जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एचसीएस मर्तोलिया के निर्देशन में पीसीपीएनडीटी कार्यक्रम के अंतर्गत घटते लिंगानुपात विषय पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि, राजकीय महाविद्यालय गुप्तकाशी, राइंका सिद्धसौड़, राइंका खांखरा, राइंका घिमतोली, राइंका फाटा, प्राविं धारकोट, प्रावि मनसूना, राउप्रावि पौड़ीखाल, ग्राम सुमाड़ी व 35 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में लिंगानुपात लिंगानुपात संतुलन जागरूकता के उद्देश्य से टॉक शो का आयोजन किया गया। इस दौरान लिगांनुपात संतुलन के लिए कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम व जागरूकता की शपथ ली गई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बालिका दिवस के आयोजन का मुख्य लक्ष्य लैंगिक असमानताओं को खत्म कर लिंग आधारित चुनौतियों के खात्में के लिए जागरूकता फैलाना, महिला सशक्तिकरण व महिलाओं को उनके अधिकार प्रदान करने में सहयोग प्रदान करना है। वक्ताओं ने लिंगानुपात के घटने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि समय रहते इस पर अंकुश न लगाया तो भविष्य में यह स्थिति और भयावह हो सकती है। ग्राम पंचायत सुमाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी डा. मनवर सिंह रावत ने कहा कि घटते लिंगानुपात को कम करने उद्देश्य से गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम लागू किया गया है, जिसके अंतर्गत प्रसव पूर्व एवं गर्भस्थ शिशु के लिंग चयन प्रक्रिया को निषेध कर दिया गया है, भ्रूण के लिंग परीक्षण के लिए गर्भवती महिला को प्रेरित करना व दबाव डालना, लिंग जांच में सहयोगी बनना, लिंग जांच करना या करवाने को अपराध की श्रेणी में रखा गया है।

उन्होने बताया कि इस अधिनियम के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर पांच वर्ष की सजा अथवा एक लाख का जुर्माना या दोनों हो सकते है। वहीं चिकित्सक के लिए 5 वर्ष की कैद, अर्थदंड व पंजीकरण रद्द करने का प्रावधान है।

## केदारनाथ धाम में चलाया सफाई अभियान



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम और यात्रा मार्ग में लगातार स्वच्छता अभियान जारी है। बुधवार को केदारनाथ धाम में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान 40 किलो कूड़ा एवं प्लास्टिक एकत्रित कर निस्तारण किया गया।

केदारनाथ यात्रा मार्ग और केदारनाथ धाम में पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने सुलभ संस्था, जिला पंचायत और नगर पंचायत केदारनाथ को विशेष स्वच्छता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि केदारनाथ धाम और यात्रा मार्ग में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था बनी रहे और आने वाले तीर्थ यात्रियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो और पर्यावरण को भी कोई नुकसान न हो। अधिशासी अधिकारी नगरपंचायत केदारनाथचंद्रशेखर चैधरी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में केदारनाथ धाम में निरंतर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को सफाई अभियान के दौरान लगभग 40 किलो कूड़ा एवं प्लास्टिक एकत्रित किया गया, जिसके निस्तारण की उचित कार्यवाही की जा रही है।

# अफसर ब्रिज निर्माण कार्यों में तेजी लाएं : डीएम



जयन्त प्रतिनिधि :चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत जनपद में सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंताओं को कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष फोकस करने, फारेस्ट केस की वजह से पैंडिग चल रहे कार्यों पर व्यक्तिगत रूप से कार्यवाही करने तथा अवशेष कार्यों को टाइमलाइन में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्रिज एंड रूफ कंपनी के अधिकारियों को ब्रिज निर्माण कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए ब्रिज एंड रूफ कंपनी, ब्रिडकुल तथा एनपीसीसी के अधिकारियों को तहसील दिवसों और बहुउद्देशीय शिविरों में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि ब्रिडकुल व ब्रिज एंड रूफ कंपनी द्वारा 56 ब्रिज बनने है जिसमें से 51 ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है, जबकि 5 पर अभी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। पीएमजीएसवाई के कुल 97 में से 2 कार्य पूर्ण हो गए हैं, जबकि 84 कार्य प्रगति पर है और 11 कार्य प्रारंभ नहीं हुए है।

### काश्तकारों ने उठाई सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाने की मांग

कोटद्वार : क्षेत्रीय काश्तकारों ने सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाने की मांग की है। कहा कि अतिवर्षा के कारण दाई खोह नदी का हेड पूरी तरह खोह नदी में बह गया। जिससे काश्तकारों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। काश्तकारों ने जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि काश्तकारों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बुधवार को काश्तकारों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। काश्तकार पातीराम ध्यानी के नेतृत्व में पहुंचे काश्तकारों ने कहा कि विगत दिनों आई भीषण आपदा के चंलते काश्तकारों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करवाने वाली दांई खोह नहर का हेड पूरी तरह से खोह नदी में बह गया था। साथ ही भारी वर्षा के चलते नहर में भी मलबा भर गया। दो माह बीत जाने के बाद भी विभाग क्षतिग्रस्त नहर को ठीक नहीं कर पाया है। साथ ही अभी तक नहर में जमा मलबा भी साफ नही हो पाया है, जिससे काश्तकारों की खड़ी फसल सूखने के कगार पर पहुंच गई है। उन्होंने उपजिलाधिकारी से संबधित विभाग को शीघ्र ही क्षतिग्रस्त सिंचाई नहर को ठीक करवाने के लिए निर्देशित करने की मांग की है। मांग न माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर कोमल सजवाण, ओम प्रकाश, विजय रावत, संजय रावत, मदन सिंह, विजय ध्यानी मौजूद रहे।

# वाइब्रेंट विलेज योजनाओं से शतप्रतिशत आच्छादित करें : डीएम



**जयन्त प्रतिनिधि :**

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से वाइब्रेंट विलेजों को शत प्रतिशत आच्छादित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को वाइब्रेंट विलेजों में सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण करने, परियोजना निदेश-ाक को पीएम आवास की प्रगति की डेली मॉनिटरिंग करने तथा एसीएमओ को आयुष्मान कार्ड का शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही वाइब्रेट विलेजों में होम स्टे, वीरचन्द्र सिंह गढ़वाली तथा पीएम विश्वकर्मा योजना से भी आच्छादित करने के निर्देश दिए। वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अन्तर्गत जोशीमठ ब्लॉक के सीमावर्ती गांव नीती, गमशाली, बाम्पा, फरकिया, मलारी, कोषा, कैलाशपुर, महरगांव, गुरूकुटी, माणा, बामणी, गजकोटी को संतृप्त किया जाना है। इन गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के साथ आजीविका सृजन के लिए कार्य किए जा रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र एवं परियोजना निदेशक आनंद सिंह ने वाइब्रेंट विलेजों में बुनियादी सुविधाओं और आजीविका विकास हेतु संचालित एवं प्रस्तावित कार्यों से अवगत कराया। बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में शत प्रतिशत, जल जीवन मिशन में 96 प्रतिशत, राष्ट्रीय आजीविका मिशन में 95 प्रतिशत, प्रधानमंत्री आवास योजना में 73 प्रतिशत, बृद्धावस्था, विकलांग तथा विधवा पेंशन में 100 प्रतिशत, किसान क्रेडिट योजना में 45 प्रतिशत, आयुष्मान कार्ड में 74 प्रतिशत, पीएमईजीपी तथा एमएसवाई में 90 प्रतिशत संतृप्तीकरण किया गया है।

# छात्र-छात्राओं ने संस्कृत को बढ़ावा देने का दिया संदेश

### संस्कृत नाटक, समूहगान और समूह नृत्य में राइंका रुद्रप्रयाग ने मारी बाजी

रूद्रप्रयाग : सस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तर पर चयन के बाद जिला स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। इस मौके पर अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने संस्कृत को बढ़ावा देने का संदेश दिया। वहीं मुख्य अतिथि रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने छात्र-छात्राओं को संस्कृत के महत्व और इसकी प्रासंगिता पर व्यापक प्रकाश डाला।

अटल उत्कृष्ट स्वामी सच्चिदानंद राइंका रुद्रप्रयाग में आयोजित जिला स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ किया गया। स्वामी सच्चिदानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद विधिवत कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विधायक ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने संस्कृत भाषा को द्वितीय राजभाषा का दर्जा दिया जाए। हर तरह से संस्कृत के प्रोत्साहन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार भी चाहती है उत्तराखंड देवभूमि है इसलिए देवप्रयाग में राष्ट्रीय संस्कृत संस्थानम की स्थापना की गई है।

विधानसभा की स्थाई समिति में संस्कृत प्रोत्साहन समिति का गठन किया गया है। इस मौके पर प्रतियोगिता के सह संयोजक विनोद प्रकाश भट्ट ने कहा कि इस प्रतियोगिता में 36 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया है। पहले दिन जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता हुई, जबकि गुरुवार को सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता होगी। ब्लॉक स्तर के बाद चयनित छात्र–छात्राओं की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता हुई है जिसमें दोनों वर्गों में चयनित विद्यालय के छात्र-छात्राएं प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगी। कार्यक्रम का संचालन खंड संयोजक गंगाराम सकलानी, सच्चिदानंद सेमवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर संस्कृत नाटक में राइंका रुद्रप्रयाग प्रथम, राजूहा खड़िया ऊखीमठ द्वितीय और राउमावि थाती दिग्धार तृतीय रहा।

संस्कृत समूहगान में राइंका रुद्रप्रयाग प्रथम, राइंका मणिगुह द्वितीय, एमएल पब्लिक स्कूल नाला गुप्तकाशी तृतीय रहा। संस्कृत समूह नृत्य में राइंका रुद्रप्रयाग प्रथम, राइंका जयंती कोठियाडा द्वितीय, राइंका रामाश्रम तृतीय रहा। संस्कृत वाद विवाद में राउमावि बष्टी प्रथम, राइंका पठालीधार द्वितीय, संस्कृत महाविद्यालय शोणितपुर तृतीय रहा। संस्कृत आशुभाषण में राइंका ग्वैफड़ प्रथम, राइंका पांजणा द्वितीय, राइंका रामाश्रम तृतीय रहा। श्लोकाचारण में नागेंद्र इंटर कॉलेज बजीरा प्रथम, राउमावि बष्टी द्वितीय, राइंका रुद्रप्रयाग तृतीय रहा। इस मौके पर जनपद संयोजक प्रधानाचार्य हरेंद्र बिष्ट, सह संयोजक विनोद प्रकाश भट्ट, खंड संयोजक गंगाराम सकलानी, जखोली जगदम्बा प्रसाद चमोली, प्रधानाचार्य राजवीर भदौरिया, राजेंद्र सेमवाल, प्रवक्ता रीता सेमवाल, लक्ष्मी नेगी, निर्मला नेगी, प्रदीप सेमवाल, शैलेंद्र राणा, संतोष पंवार, भगत नेगी, नागेंद्र नेगी, मनोज थापा, कमलेश किशोर पांडेय, रमेश मैठाणी, नरेश जमलोकी, डीपी कोठारी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### सरकार जल्द गंगा एक्ट को लागू करें : चौधरी

श्रीनगर गढ़वाल : गंगा प्रेमियों व समाज सेवी लोगों ने यहां स्वामी सानंद (प्रो. स्वामी ज्ञान स्वरूप सानंद) की पुण्य तिथि पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर अन्ना हजारे टीम की राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य व किसान मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता भोपाल सिंह चौधरी ने कहा कि स्वामी सानंद का त्याग व्यर्थ न जाए, इसके लिए जल्द से जल्द गंगा ऐक्ट को लागू किया जाना चाहिए। कहा बांध निर्माण से पहाड़ खोखले हो गए हैं। जिससे आपदाएं आ रही हैं। कहा प्रकृति पर्यावरण को बचाने के लिए स्वामी सानंद ने समाज को नई दिशा दी। चौधरी ने कहा कि स्वामी सानंद ने अपने जीवित रहने के दौरान गंगा पर कानून बनाने का ड्राफ्ट भी तैयार किया है, जिसे वह संसद के पटल पर रखवाना चाहते थे।

लेकिन इस ड्राफ्ट को आज भी संसद में नहीं रखा गया। प्रकृति पर्यावरण संस्थान व जल बिरादरी की अध्यक्ष बीना चौधरी ने कहा कि स्वामी सानंद ने 111 दिनों तक अनशन कर गंगा के लिए अपने प्राण त्याग दिए।

# निलंबन के विरोध में शिक्षक ने दिया धरना, निलंबन को बताया गलत

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : थलीसैंण ब्लाक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय ऐंगार के निलंबित सहायक अध्यापक ने स्कूल परिसर में ही अपने निलंबन के विरोध में धरना शुरू कर दिया। निलंबित शिक्षक कहना है कि जो आरोप लगाए गए हैं वह सही नहीं है और उनका निलंबन गलत किया गया है। वहीं शिक्षक के निलंबन पर बीईओ ने कहा कि इसकी जांच चल रही है। कहा कि शिक्षक का धरना दिए जाने संबंधी सूचना विभाग को नहीं है।

पौड़ी के डीईओ बेसिक ने शिक्षक को बीती 7 अक्तूबर को निलंबित कर उपशिक्षा अधिकारी दफ्तर पाबौ से एटैच कर दिया था। शिक्षक पर स्कूल की छात्रा संख्या में गड़बडी सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। इन सभी आरोपों को गलत बताते हुए शिक्षक संजय कुमार गोदियाल ने प्राइमरी स्कूल ऐंगार के बाहर धरना शुरू कर दिया है। गोदियाल ने उन पर लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज भी किया है। उधर, थलीसैंण के बीईओ विवेक पंवार ने बताया कि स्कूल में पांचवीं कक्षा में केवल एक ही छात्रा का प्रवेश था, अभिभावकों द्वारा छात्रा की टीसी ले लिए जाने के बाद अब छात्र संख्या शून्य हो जाने के कारण स्कूल मंगलवार से बंद हो गया है। अभिभावकों ने छात्रा का प्रवेश प्राइमरी स्कूल कुटकंडई में किया है। वहीं शिक्षक के निलंबन पर बीईओ ने कहा कि इसकी जांच चल रही है। छात्रा संख्या में गड़बड़ी सहित विद्यालय अनुदान की धनराशि को खर्च ना करने, विद्यालय में समय पर ना आने, स्कूल की छुट्टी होने के बाद भी छात्रा को 3 बजे तक अनावश्यक रोक कर रखने, छात्र उपस्थित पंजिका और विद्यालय अभिलेखों में कांट-छांट करने के आरोप के चलते शिक्षक को निलंबित किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक का धरना दिए जाने संबंधी सूचना विभाग को नहीं है।

### लोगों को सजग रहने के लिए प्रेरित किया

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की ओर से साइबर क्राइम (वित्तीय धोखाधड़ी) के मामलों को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। गोला पार्क में आयोजित नुक्कड़ नाटक के दौरान मोबाइल कॉल के जरिए धोखे से किए जाने वाले लेन–देन को लेकर कलाकारों ने लोगों को हमेशा सजग रहने के लिए प्रेरित किया। कहा साइबर अपराधों से बचने के लिए बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी की जानकारी किसी के साथ भी साझा न करने व किसी भी अनजान लिंक को क्लिक न करें .

# बीएफआईटी ने जीता कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि की अंतर महाविद्यालय महिला वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता बीएफआईटी देहरादून के नाम रही। बुधवार को गढ़वाल विवि के प्रशासनिक भवन परिसर स्थित खेल मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि वित्त अधिकारी प्रो. एनएस पंवार ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों को खेल को खेल भावना से खेलने का आह्वान किया।

प्रतियोगिता में बिड़ला परिसर श्रीनगर, डीएवी देहरादून और बीएफआईटी देहरादून की टीम ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का पहला मैच बीएफआईटी और बिड़ला परिसर के बीच खेला गया। जिसमें बीएफआईटी ने 42-13 से बिड़ला परिसर श्रीनगर को हराया। जबकि दूसरा मैच डीएवी ने बिड़ला परिसर श्रीनगर को 53-42 से परास्त किया। प्रतियोगिता फाइनल मैच बीएफआईटी और डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून के बीच खेला गया। जिसमें बीएफआईटी ने 55-24 से डीएवी देहरादून को हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। प्रतियोगिता के अंत में विजेता और उपविजेता टीम को ट्राफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. एमएस नेगी, खेल विभाग के सहायक निदेश-ाक मोहित सिंह बिष्ट, डा. हीरालाल यादव, वन्दना डोभाल, रमेश रावत, सुदीप कुमार, दिनेश, डा. विनित पोस्ती, विनोद सेमवाल आदि मौजूद रहे।

### अमृत कलश में भरी मिट्टी, भेजा देहरादून

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : कोट ब्लाक में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कोट ब्लाक के विभिन्न शहीद के गांवों से लाई गई मिट्टी को अमृत कलश में भरकर देहरादून भेजा गया। इस मौके पर विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी, कोट ब्लाक प्रमुख पूर्णिमा नेगी, विधायक प्रतिनिधि मनोज रावत, धर्मवीर नेगी आदि शामिल रहे।

### अज्ञात वाहन ने व्यक्ति को मारी टक्कर, मौत

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर में भगवती मैमोरियल स्कूल के पास ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक 52 वर्षीय व्यक्ति पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसे मॉर्निंग वॉक पर आए लोगों ने घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उपचार के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया। पुलिस की ओर से अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मरखोड़ा निवासी राकेश रावत पुत्र स्व. अमर सिंह निवासी मरखोड़ा सुबह के समय भगवती मैमोरियल के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान उस पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गए। पूर्व जिला पंचायत सदस्य लखपत सिंह भंडारी ने बताया कि वह सुबह घूमने के लिए निकले थे,

# सरस मेले में स्वयं सहायता समूहों ने की डेढ़ करोड़ की बिक्री

टिहरी : जनपद के मुनिकीरेती में आयोजित दस दिवसयी सरस आजीविका मेला-2023 में स्वयं सहायता समूहों ने डेढ़ करोड़ से अधिक की बिक्री कर खासा लाभ अर्जित किया है। जिससे स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक टीमों के रंगारंग कार्यक्रमों मेले में चार चांद लगाने का काम कर रहे हैं।

बुधवार को सरस मेले में समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग, जिला आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक विभाग के तत्वावधान में चिकित्सा गोष्ठी एवं दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी किशन सिंह चौहान ने बताया कि दिव्यांग शिविर में 5 दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये गये, इसके साथ ही लाभार्थियों को कान की मशीन एवं वृद्धजनों को स्टीक वितरित की गई। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी सुभाष चन्द ने बताया कि चिकित्सा गोष्ठी में विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं शिविरों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। इसके साथ ही लोगों की स्वास्थ्य संबंधी शंकाओं का निदान किया गया। प्रबन्धक राज्य मिशन एनआरएलएम रोहित सिंह ने बताया कि पूर्णानन्द खेल मैदान मुनिकीरेती टिहरी गढ़वाल में आयोजित सरस आजीविका मेले में उत्तराखण्ड सहित देश के विभिन्न राज्यों से आये ग्रामीण महिला उद्यमियों के 142 स्टाल स्थापित किये गये हैं, जिसमें उत्तराखण्ड के 97 तथा अन्य राज्यों के 45 स्टॉल शामिल हैं। इसके साथ ही मेले में विभिन्न विभागों के जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 50 स्टॉल स्थापित किये गये हैं,


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, श्रीनगर (गढ़वाल) दूरभाष: 01346–252137,
Email: dgmsri.upcl@yahoo.com कॉरपोरेट आई०डी० संख्या (CIN) U40109UP2001SGC025867/2358

**निविदा विस्तारीकरण सूचना** दिनांक: 11.10.2023

एतदद्वारा इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या–22/2023–24, जिनकी निविदा प्रपत्र ऑफलाइन (कार्यालय में) जमा करने की तिथि 11.10.2023 थी एवं ऑनलाइन व ऑफलाइन निविदा भाग–1 खुलने की तिथि 12.10.2023 थी, को किन्ही अपरिहार्य कारणों से विस्तारित करते हुए क्रमशः निविदा प्रपत्र ऑफलाइन (कार्यालय में) जमा करने की तिथि 20.10.2023 एवं ऑनलाइन व ऑफलाइन निविदा निविदा भाग–1 खुलने की तिथि 21–10–2023 की जाती है। अन्य नियम व शर्तें यथावत् रहेंगी।

पत्रांक: 2275/वि०वि०म०श्री०/टी–9 — अधीक्षण अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचावें (टोल फ्री न० :-1800 419 0405) विद्युत चोरी की सूचना हेतु सतर्कता अधिकारी से फैक्स 0135–2760911 एवं मोबाइल +91–8958811999 पर एस०एम०एस० द्वारा रिपोर्ट करें।



G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से, उप मुख्य अभियंता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के तहत खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | उप मुख्य अभियंता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के कार्य क्षेत्र में मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत मिरानपुर कटरा, बालामऊ और अगवानपुर या किसी अन्य रेलवे स्टेशन पर सिविल इंजीनियरिंग कार्य जैसे फुट ओवर ब्रिज का निर्माण, प्लेटफॉर्म शेल्टर का निर्माण या कोई अन्य शेड का कार्य और संबद्ध कार्य। |
| 2. | कार्य पूरा करने की अवधि | 9 (नौ) माह |
| 3. | कार्य की अनुमानित लागत | रू. 1485.23 लाख |
| 4. | जमा की जाने वाली जमानत राशि | रू. 8,92,600.00 |
| 5. | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की बृहत जानकारी | ई–निविदा प्रपत्र की बृहत सूचना उत्तर रेलवे कि वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपर्युक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर दिनांक 10.10.2023 से दिनांक 02.11.2023 को 11.30 बजे तक उपलब्ध रहेगी। उपर्युक्त टेंडर के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्तें टेंडर डॉक्यूमेंट में दी गई हैं। निविदा सूचना कि बृहत जानकारी कार्यालय में निविदा सूचना बोर्ड से की जा सकती है। |
| 6. | ई–निविदा अपलोड करने व खुलने कि तिथि | ई–निविदा दिनांक 19.10.2023 से 02.11.2023 को 11.30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। बोलीकर्ता ई–टेंडर में भाग ले सकते है। टेकनिकल कम कमर्शियल बिड दिनांक 02.11.2023 को 11.30 बजे तक ई–टेंडर अपलोडिंग बंद होने के तुरंत बाद खोली जाएगी। योग्य टेंडरर की फाइनेन्शिअल बिड कार्यालय द्वारा दी गई दिनांक व समय की सूचना के आधार पर बाद में खोली जाएगी। |

टेंडर नोटिस सं. 1–डब्लू–टेंडर–283–उप मुअभि.नि.मुरादाबाद दिनांक: 10.10.2023 3143/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# नशे के खिलाफ दिखाएं साहस

उत्तराखंड सरकार ने राज्य को नशा मुक्त बनाने की दिशा में अभियान शुरू किया गया है। सभी 13 जनपदों के पुलिस अधिकारियों को नियमित तौर पर नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है लेकिन बावजूद इसके नियमित तौर पर उत्तराखंड की जनपदों में हर प्रकार के नशे की आपूर्ति की जा रही है। हाल ही के दिनों में थाना पुलिस से लेकर एसटीएफ एवं एसओजी द्वारा मादक पदार्थों की बड़ी–बड़ी खेत भी पकड़ी गई है जिसकी कीमत कई लाखों और करोड़ों में आती गई है प्रोग्राम। सरकार का प्रयास है की हर स्तर पर नशे की तस्करी को रोका जाए ताकि प्रदेश के युवा नशे की गिरफ्त में ना आए। हालांकि पुलिस से दो कदम आगे चलने की सोच रखने वाले नशा तस्करों के लिए पुलिस के ऐसे अभियान कोई अधिक प्रभावी साबित नहीं हुए हैं। यह अलग बात है कि लाखों करोड़ों रुपए का माल पकड़े जाने से इन नशा तस्करों को तस्करों पर पुलिस कुछ लगाम कसती तो है लेकिन जल्दी यह लगाम ढीली हो जाती है और नशे का कारोबार पुनः जोर पकड़ने लगता है। अब यह स्पष्ट हो चुका है कि केवल थाना पुलिस के भरोसे नशे के कारोबार को पूरी तरह से रोका जाना संभव नहीं है और उसके लिए यह जरूरी है कि अलग से एक ऐसी फोर्स का गठन किया जाए जो केवल नशे के तस्करों का डाटा तैयार करते हुए इसकी तस्करी को रोकने के नीति कार्य योजना तैयार करें। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में पुलिस कांफ्रेंस के दौरान भी नशे के मुद्दे पर व्यापक चर्चा हुई है और इसके समूल नाश के लिए पुलिस कर्मियों को दक्ष बनाने वी तथा उच्च स्तर का प्रशिक्षण देने की जरूरत पर सहमति बनी है। इन्हीं संभावनाओं को देखते हुए नशीले पदार्थों के तस्करों से कड़ाई से निपटने के लिए एसीएस ने एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का पूरी तरह से गठन के निर्देश दिए। हालांकि यह भी काफी निराश करने वाला है कि टास्क फोर्स में 40 पदों का प्रावधान है, लेकिन एक भी पद नहीं भरा है। राज्य पुलिस के भरोसे नशा तस्करों के गढ़ को भेद पाना आसान नहीं होगा। इसके लिए नशा तस्करों की रीढ़ तोड़ने और अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय गिरोह को पटाक्षेप करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) का सहयोग लिया जाएगा। राष्ट्रीय एजेंसी के साथ यदि आपसी संबंध में बनाकर कार्य किया जाए तो नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। इसके साथ ही राज्य पुलिस का भी यह काम होना चाहिए कि वह अपने आंतरिक नेटवर्क को इस प्रकार से सुदृढ़ व मजबूत बनाए ताकि क्षेत्र में बिकने वाले नशे को समाप्त किया जा सके। जिस प्रकार से युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आ रहा है उसके बाद अब यह सरकार एवं संभ्रांत नागरिकों का कर्तव्य है कि वह समाज को इस दूषित समस्या से बचाए व युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। साथी अपने आसपास नशा तस्करों को सक्रिय होने से रोके एवं तस्करों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में स्थानीय पुलिस की मदद जरूर करें। आज नशे के खिलाफ दिखाया गया सामाजिक साहस भविष्य के नौनिहालों को एक बेहतर वातावरण भी प्रदान करेगा।

# इजरायल–फिलिस्तीन में संघर्ष नया तनाव एवं युद्ध

**विकास कुमार**




वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में असामयिक परिवर्तन के आयाम विकसित हो रहे हैं । विश्व में कई ऐसे विवादित सीमाएं और स्थान यही जिनका निर्णायक निराकरण अभी तक नहीं हो सका है । भू–राजनीति के संदर्भ में समाओं के विस्तार की होड और धार्मिक उन्मादों नें मानवता को शून्यता की श्रेणी में रख दिया । विगत कई महीनों से यूक्रेन–रूस विवाद चल रहा जो अभी तक चल रहा है। फिर से से एक नया विवाद वेस्ट एशिया में उभरा है जो इजरायल और फिलिस्तीन के मध्य है । पिछले दिनों अचानक फिलिस्तीन के संगठन हमास और लेबनान के संगठन हाजिबुल्लाह नें अचानक 5 हजार से अधिक राकेट से हमला किया जिसमें कई इस्त्राइल नागरिकों की मृत्यु हो गई और कई इमारते ढह गई । इससे इस्त्राइल नें भी आधिकारिक रूप से युद्ध की घोषणा कर दिया है । दोनों ओर 1 हजार से अधिक नागरिकों के मौतें हो चूकि है । यह विवाद लगभग 73 वर्ष पुराना है। आज तक यह विवाद सुलझ नहीं पाया। महाशक्तियां इसमें अपना –अपना राष्ट्रीय हित देखती हैं। जिस कारण से आज पश्चिमी एशियाई देशों में अस्थिरता बनी हुई है। दोनों देशों के मध्य विवाद के चलते तनाव के कारण युद्ध होते रहते हैं। युद्ध किसी भी जाति ,समुदाय ,वर्ग एवं देश के लिए नहीं अपितु संपूर्ण मानवता के लिए हानिकारक है। आधुनिकता में युद्ध की रणनीति में भी परिवर्तन हुआ है। तकनीकी और प्रौद्योगिकी के विकसित स्वरूप में एक क्षण में करोड़ों लोगों को मारा जा सकता है। इसे रोकने के लिए कई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समझौते हुए ,परंतु महा शक्तियों के एकल रवैया के कारण यह संपन्न नहीं हो सका। युद्ध में कई परिवार बर्बाद हो जाते हैं , बच्चे अनाथ हो जाते हैं, महिलाएं विधवा हो जाती हैं, और राष्ट्रीय विकास और चरित्र निर्माण का स्तर भी कमजोर हो जाता है। इसमें कौन सही है या कौन गलत यह तो बाद का प्रश्न होता है परंतु जिन सामान्य नागरिकों की हत्याएं इसमें होती है इसका परिणाम केवल दोनों पक्षों के नागरिक ही जानते है । इजरायल और फिलिस्तीन के बीच पिछले कुछ दिनों से ऐसे ही युद्ध चल रहे हैं। दोनों देशों में भयावह स्थिति हैं। बच्चे चीख चिल्ला रहे हैं , लोग बेघर हो गए हैं , घायल और पीड़ित तड़प रहे हैं, दैनिक जीवन से जूझता कामगार वर्ग छिपा बैठा है और कर्मचारी काम छोडक़र अपनी जान बचाने में लगा है। आखरि यह बर्बादी का रास्ता मानवता को किस ओर ले जा रहा है। हम भविष्य की पीढियों को क्या सीख दे कर जा रहे हैं? यह बातें उन महत्वकांक्षीयों के समझ के परे हैं। इन देशों के विवाद का मूल कारण येरूशलम (तकरीबन 35 एकड़ क्षेत्र) है। जो ईसाई, यहूदी एवं मुस्लिम तीनों धर्म का पवित्र एवं प्रमुख क्षेत्र माना जाता है । तीनों धर्म – मतावलंबियों के लिए यह तीर्थ स्थल है। प्रथम विश्व युद्ध (1914 – 1918 )एवं द्वितीय विश्व युद्ध (1939–1945) में यूरोप में अशांति और अस्थिरता के चलते भारी संख्या में यहूदियों ने इस क्षेत्र में आकर बसना प्रारंभ किया। यह क्षेत्र अरब क्षेत्र का भाग था। जब दोनों में संघर्ष चलने लगा , 1947 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने प्रस्ताव –181 पारित किया और फिलिस्तीन तथा इजरायल नामक दो राज्यों की घोषणा कर दी। इस प्रस्ताव से अरब देश नाखुश थे , मिश्र के नेतृत्व में इजरायल पर हमला कर दिया। यह विवाद तभी से बढ़ता चला गया, जो आज तक तनाव की स्थिति में बना हुआ है।

अमेरिका एवं अन्य कई यूरोपीय देश इजरायल के पक्ष में हैं। यही कारण है कि अमेरिका नें अपने कुछ लड़ाकू विमान भी , परंतु इस्त्राइल के सहयोग के लिए भेजा है । इजरायल ने जो आक्रमण किया वह आत्म रक्षा हेतु था। इस संबंध में यही प्रतीत होता है कि आर्मेनिया और अजरबैजान जैसे विवाद की तरह इसमें भी सभी देश अपना हित देख रहे हैं। इजराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अभी तो शुरुआत है , हम उसे इतना तबाह कर देंगे कि भविष्य में आक्रमण करना भूल जाएंगे। प्रतिदिन कई मिसाइल और रॉकेट फिलिस्तीन में दागे जा रहे हैं। हमास भी इजराइल में लगातार आक्रमण कर रहा है। परंतु इजरायल तकनीकी एवं सैन्य सामग्री से अधिक संपन्न है। यही कारण रहा कि 1967 में (सिक्स डेज वार )एवं 2005 में लेबनान के विरुद्ध युद्ध में वह जीता। जब 1967 में इजरायल ने फिलिस्तीन की कई एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया। इस जमीन को छोडऩे को तैयार नहीं है और वहां स्थाई बस्तियां भी निर्मित कर दी थी। 1993 में इजरायल एवं 'फिलिस्तीन मुक्त संगठनों' के बीच ओस्लो शांति समझौता हुआ। इस समझौते में यह प्रावधान किया गया कि कब्जा किए गए सभी अवैध क्षेत्र वापस कर दिए जाएंगे। दोनों देश शांति के साथ रह सकेंगे। इसी बीच हमास (1987) संगठन ने इसका विरोध करते हुए इजरायल के विरुद्ध सर्वनाश की जंग छेड़ दी। दोनों के मध्य आपसी संघर्ष चलते रहे। इजराइल सीमा में बनी फिलिस्तीन बस्तियों पर सैन्य हमला करता रहता है तो हमास इजरायल में। विगत 5 दिनों से इस युद्ध में फिलिस्तीन और इजरायल में भयावह स्थिति बनी हुई है। फिलिस्तीन में लगभग 500 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई है और 500 से अधिक इजरायल के भी जिसमें कई बच्चे शामिल हैं। यह स्थिति कब तक बनी रह सकती है, इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं किया जा सकता। क्योंकि दोनों के मध्य विवाद की जड़ पुरानी है और तनाव की स्थिति अधिक है। इजरायल का मानना है कि 1967 के पहले के प्रावधान को नहीं मानेगा, क्योंकि वर्तमान स्थिति कुछ दूसरी है। उसका यह भी कहना है कि फिलिस्तीन से गए हुए शरणार्थी वापस फिलिस्तीन नहीं आएंगे और नाही भविष्य में वह अपनी सेना रख सकता है। यह मत पूर्णतया कट्टरवादी प्रतीत होता है। इस संबंध में भारत का मत बहुत ही स्पष्ट है। भारत का कहना है कि दोनों देशों के आपसी शांति और सुलह से यह विवाद का निपटारा हो सकेगा। यही कारण रहा कि 2017 में भारतीय प्रधानमंत्री ने जब इजरायल की यात्रा की तो वहीं 2018 में उन्होंने फिलिस्तीन की यात्रा भी की। फिलिस्तीन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च सम्मान 'ग्राउंड कलर ऑफ द स्टेट आफ पलेस्टाइन' से सम्मानित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और महाशक्तियों को चाहिए कि इसमें निष्पक्ष रूप से न्यायोचित तरीका अपनाकर निर्णय निर्मित करें। सर्वप्रथम तो दोनों देशों के राष्ट्राअध्यक्षों को युद्ध स्थगित कर देना चाहिए। युद्ध स्थगित के लिए सभी देशों को दबाव डालना चाहिए , क्योंकि इससे निदोष लोगों की जानें जा रही हैं। इस समस्या के समाधान का भी व्यावहारिक तरीका ढूंढना चाहिए। कट्टरवाद , हठधर्मिता और गलत रणनीति अपनाकर निपटारा नहीं किया जा सकता। युद्ध जब किसी देश में होते हैं तो आसपास के नागरिक भी इससे प्रभावित होते हैं और वह एक देश से निकाल कर दूसरे देश की ओर जाते हैं। युद्ध और हिंसात्मक तरीका कभी भी सन्मार्ग पर नहीं ले जा सकता।

लेखक –केन्द्रीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में रिसर्च स्कॉलर हैं एवं इंडियन रिसर्च स्कॉलर्स एसोसिएसन के जनरल सेक्रेटरी हैं।

**अमेरिका एवं अन्य कई यूरोपीय देश इजरायल के पक्ष में हैं। यही कारण है कि अमेरिका नें अपने कुछ लड़ाकू विमान भी , परंतु इस्त्राइल के सहयोग के लिए भेजा है । इजरायल ने जो आक्रमण किया वह आत्म रक्षा हेतु था। इस संबंध में यही प्रतीत होता है कि आर्मेनिया और अजरबैजान जैसे विवाद की तरह इसमें भी सभी देश अपना हित देख रहे हैं। इजराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अभी तो शुरुआत है , हम उसे इतना तबाह कर देंगे कि भविष्य में आक्रमण करना भूल जाएंगे। प्रतिदिन कई मिसाइल और रॉकेट फिलिस्तीन में दागे जा रहे हैं। हमास भी इजराइल में लगातार आक्रमण कर रहा है। परंतु इजरायल तकनीकी एवं सैन्य सामग्री से अधिक संपन्न है। यही कारण रहा कि 1967 में (सिक्स डेज वार )एवं 2005 में लेबनान के विरुद्ध युद्ध में वह जीता। जब 1967 में इजरायल ने फिलिस्तीन की कई एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया। इस जमीन को छोडऩे को तैयार नहीं है और वहां स्थाई बस्तियां भी निर्मित कर दी थी। 1993 में इजरायल एवं 'फिलिस्तीन मुक्त संगठनों' के बीच ओस्लो शांति समझौता हुआ।**

# हर सभा में भ्रष्टाचार का मुद्दा

**हरिशंकर व्यास**

वे हर सभा में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठा रहे हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश में गुरुवार को सभा में नौजवानों से अपील करते हुए कहा कि वे 2013 और उससे पहले के अखबारों की सुर्खियां देखें तो लाखों करोड़ रुपए की लूट की खबरें दिखेंगी। यह कहते हुए वे झूठ नहीं बोल रहे थे। सचमुच 2013 और उससे पहले कई बरसों तक संचार घोटाला, कोयला घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, देवास–अंतरिक्ष घोटाला आदि की खबरें छपती रही थीं। उसी से भ्रष्टाचार का नैरेटिव बना, इंडिया अगेंस्ट करप्शन खड़ा हुआ, अन्ना हजारे मैदान में उतरे और कांग्रेस साफ हुई।

तभी प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने सुनिश्चित किया हुआ है कि चाहे जो हो जाए उनकी सरकार के बारे में घोटालों की खबर नहीं छपनी चाहिए। मीडिया पर नियंत्रण इसलिए किया गया ताकि खबरें न छपें। मोदी को पता है कि खबर झूठी हो या सही अगर लगातार छपती रही तो जनता के दिमाग में जगह बनाती है। उससे धारणा बनती है। सबको पता है कि संचार घोटाले का क्या हस्र हुआ? सारे आरोपी निचली अदालत से बरी हो गए। लेकिन उस घोटाले की खबरों ने कांग्रेस और डीएमके दोनों को सडक़ पर ला दिया था।

बहरहाल, जिस तरह से संजय सिंह ने अदालत में कहा कि मोदी हार रहे हैं इसलिए एजेंसियां कार्रवाई कर रही हैं उसी तरह की बातें अनेक यूट्यूबर कह रहे हैं कि मीडिया के लोगों पर छापे इसलिए पड़ रहे हैं क्योंकि मोदी हार रहे हैं। लेकिन यह अधूरी बात है।

मोदी हार रहे हैं इसलिए पत्रकारों के ऊपर दिल्ली पुलिस ने छापा नहीं मारा, बल्कि इसलिए छापा मारा ताकि मीडिया को मैसेज दिया जाए कि आठ महीने में चुनाव होने वाले हैं और सरकार को बदनाम करने वाली कोई खबर नहीं आनी चाहिए। वैसे भी सरकार के खिलाफ कोई खबर मुख्यधारा की मीडिया में तो नहीं आती है। फिर भी ऐहतियात बरतते हुए एक मैसेज दिया गया। उसको हार–जीत के नजरिए से देखने की जरूरत नहीं है। प्रधानमंत्री को पता है कि मीडिया की ताकत क्या होती है। इसलिए पहले दिन से यह सुनिश्चित किया गया है कि मीडिया खिलाफ न जाए। इसके लिए हर तरह के उपाय किए गए हैं और समय के साथ मीडिया का एक बड़ा हिस्सा खुद ही उस नैरेटिव का हिस्सा बन गया, जो भाजपा चला रही है। राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, मजबूत नेतृत्व, विकास आदि का नैरेटिव मीडिया के बड़े हिस्से ने स्वीकार कर लिया है।




सरकार के कहे बिना भी मीडिया विपक्ष को कठघरे में खड़ा करने लगा और उसका इतिहास खंगालने लगा क्योंकि आम लोगों की तरह उसके मन में भी यह बात बैठा दी गई कि विपक्ष की पार्टियां भ्रष्ट और परिवारवादी हैं।

सो, विपक्षी पार्टियों और सोशल मीडिया स्पेस में भाजपा और मोदी का विरोध करके लाखों दर्शक बनाने वालों को भ्रमजाल से बाहर निकलना होगा। केंद्र सरकार की एजेंसियां विपक्ष के या मीडिया के खिलाफ कार्रवाई इसलिए नहीं कर रही हैं कि भाजपा हार रही है। यह भाजपा के नए नेतृत्व का चुनाव लडऩे का तरीका है। विपक्ष के लिए जरा सी भी गुंजाइश नहीं छोडऩी है। और न मीडिया को इस लायक रहने देना है कि वह विपक्ष की मदद कर सके। विपक्ष और मीडिया पर दबाव डालना चुनावी रणनीति का हिस्सा है।

# अपने दिल और दिमाग की सेहत के लिए खाएं डार्क चॉकलेट, इसके फायदे भी जान लीजिए



अगर आप डार्क चॉकलेट के शौकीन हैं तो आपके लिए यह खबर अच्छी है. अब आप अपनी पसंदीदा डार्क चॉकलेट का लुत्फ उठा सकते हैं और इसके साथ ही अपने स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रख सकते हैं. क्योंकि नई रिसर्च से पता चला है कि डार्क चॉकलेट न सिर्फ आपके दिल को स्वस्थ रखने में मदद करती है, बल्कि यह आपके दिमाग को भी तेज और निरोगी बनाए रखने में कारगर है.इसलिए, अगर आप अपने दिल और दिमाग का ख्याल रखना चाहते हैं तो डार्क चॉकलेट आपको खाना चाहिए.लेकिन यह जरूरी सवाल है कि कितना खाना चाहिए. आइए जानते हैं इसके बारे में...

दिल के लिए फायदेमंद

हाल ही में अमेरिका के बेलर कॉलेज ऑफ मेडिसिन द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि हफ्ते में कम से कम एक बार चॉकलेट खाने से दिल की बीमारियों से बचा जा सकता है. एक नए शोध में यह भी पाया गया है कि चॉकलेट में मौजूद पोषक तत्व अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने में मदद करते हैं.

शोधकर्ताओं के अनुसार, चॉकलेट में फ्लेवोनॉयड्स, पॉलीफेनॉल्स, मिथाइलजेनाथाइन और स्टीयरिक एसिड जैसे पोषक तत्व उच्च मात्रा में पाए जाते हैं, जो रक्तचाप को कम करने और रक्त प्रवाह को सुचारु बनाए रखने में मदद करते हैं.

स्ट्रेस को कम करता है डार्क चॉकलेट

हाल ही में किए गए एक शोध से पाया गया था कि डार्क चॉकलेट खाने से दिमाग तेज होता है. डार्क चॉकलेट में फ्लेवोनॉयड्स, एंटीऑक्सिडेंट्स और कैफीन जैसे तत्व पाए जाते हैं जो दिमाग को ऊर्जा देते हैं और न्यूरॉन्स के बीच संचार बढ़ाते हैं. डार्क चॉकलेट में फ्लेवोनॉल्स नामक तत्व दिमाग को शांत रखता है और याददाश्त और ध्यान को बेहतर बनाता है. इससे दिमाग में खून का बहाव अच्छा रहता है और स्ट्रेस कम होता है. डार्क चॉकलेट में एंटीऑक्सीडेंट होता है जो ब्लड प्रेशर को कम करके स्ट्रेस से राहत दिलाता है. इसलिए, डार्क चॉकलेट खाने से दिमाग स्वस्थ रहता है और स्ट्रेस भी कम होता है.

# इमोशनल कार्ड नाकाम हुआ

चूंकि धारा 370 हटाए जाने के बाद जनमत की पहली अभिव्यक्ति का मौका लद्दाख में ही आया, इसलिए इन चुनावों पर सारे देश की नजर थी। साफ है, वहां हुए इम्तिहान में भाजपा नाकाम रही। अब देखने की बात होगी कि क्या जम्मू–कश्मीर में नतीजा इससे अलग होगा?

लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद–करगिल के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की बुरी हार का संदेश साफ है। धारा 370 को खत्म करने के साथ केंद्र की भाजपा सरकार ने वहां विकास की जो ऊंची उम्मीदें जताई थीं, वे जमीन पर नहीं उतरीं। यहां ये बात जरूर याद कर लेनी चाहिए कि अगस्त 2019 में उठाए गए उस कदम का लद्दाख में उत्साह से स्वागत किया गया था। लद्दाख वह इलाका है, जहां उसके पहले भी जम्मू–कश्मीर का हिस्सा होने को लेकर जब–तब असंतोष उभरता रहता था। लेकिन धारा 370 की समाप्ति के चार साल बाद वहां के लोगों का मोह भंग हो गया नजर आता है। इसके संकेत पहले से थे। संभवतः वहां बढ़ते गए असंतोष में कुछ भूमिका अप्रैल 2020 के बाद लद्दाख सीमा पर चीन की फौज के कथित अतिक्रमण की भी है। हालांकि भारत सरकार ने चीन की घुसपैठ की बात का बार–बार खंडन किया है, लेकिन लद्दाख के लोगों का प्रत्यक्ष अनुभव कुछ और है। उनकी भावनाएं कई बार मीडिया रिपोर्टों से जरिए सामने आई हैं। जिन इलाकों में चुनाव हुए, वहां बेशक मुस्लिम आबादी काफी है। लेकिन उन क्षेत्रों में बौद्ध और हिंदू आबादी भी है।

इसलिए वहां से आए चुनाव नतीजों को सिर्फ मजहबी आधार पर हुए ध्रुवीकरण का परिणाम नहीं कहा जा सकता। अगर सिर्फ मुस्लिम मतदाता ही भाजपा के खिलाफ होते, उसे 26 निर्वाचित सीटों में से सिर्फ दो नहीं मिलतीं। इसलिए इन नतीजों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि भावनात्मक कार्ड कुछ समय के लिए लोगों में उत्साह भर सकते हैं, लेकिन उनका असर स्थायी नहीं होता। दूसरा संदेश संभवतः यह है कि जब रोजी–रोटी और विकास की कसौटी पर प्रदर्शन निर्णायक पैमाना बन जाए, तो वर्तमान भाजपा सरकार के लिए लोगों के बीच अपने लिए समर्थन बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। चूंकि धारा 370 हटाए जाने के बाद पहली बार लद्दाख में ही जनमत की अभिव्यक्ति होनी थी, इसलिए इन चुनावों पर सारे देश की नजर थी। साफ है, वहां हुए इम्तिहान में भाजपा नाकाम रही। अब देखने की बात होगी कि क्या जम्मू–कश्मीर में नतीजा इससे अलग होगा?

**लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद–करगिल के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की बुरी हार का संदेश साफ है। धारा 370 को खत्म करने के साथ केंद्र की भाजपा सरकार ने वहां विकास की जो ऊंची उम्मीदें जताई थीं, वे जमीन पर नहीं उतरीं। यहां ये बात जरूर याद कर लेनी चाहिए कि अगस्त 2019 में उठाए गए उस कदम का लद्दाख में उत्साह से स्वागत किया गया था। लद्दाख वह इलाका है, जहां उसके पहले भी जम्मू–कश्मीर का हिस्सा होने को लेकर जब–तब असंतोष उभरता रहता था।**

# जानें हरा, लाल, पीली, नारंगी और काली शिमला मिर्च के बारे में, कौनसी है ज्यादा फायदेमंद?



शिमला मिर्च का इस्तेमाल सब्जी से लेकर पिज्जा,नूडल्स पास्ता जैसे कई तरह की डिशेज में भी किया जाता है. शिमला मिर्च को खाने में डालने से वह न केवल स्वादिष्ट बन जाता है, बल्कि उसे देखने में भी बेहद आकर्षक बना देता है. शिमला मिर्च का हरा, लाल, पीला, रंग सब्जियों में मिलने से उन्हें रंग–बिरंगा और सुंदर बना देता है. शिमला मिर्च की अलग–अलग प्रजातियों में बेशकीमती पोषक तत्व छिपे हैं. जो हमारे शरीर को अंदर से मजबूत बनाते हैं. हरे, लाल, पीले, नारंगी और काला रंग की शिमला मिर्च, सभी में मौजूद विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स हमारे लिए वरदान हैं.

सभी रंगों के शिमला मिर्च का अपने–अपने फायदे हैं

* लाल शिमला मिर्च – इसमें कैप्सैसिन और कैरोटीनोइड्स होते हैं, जो इसे मिर्ची और रंग देते हैं. ये एंटीऑक्सीडेंट का काम करते हैं और इम्यूनिटी बढ़ाते हैं.

* हरी शिमला मिर्च– इसमें विटामिन सी और क्लोरोफिल होता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं.

* पीली शिमला मिर्च– इसमें कैरोटीनोइड्स होते हैं जो आंखों के लिए लाभदायक हैं और रेटिना की सुरक्षा करते हैं.

* काली शिमला मिर्च– इसमें एंटीऑक्सीडेंट सबसे अधिक होते हैं जो कैंसर से लडऩे में मदद करते हैं.

* नारंगी शिमला मिर्च– समें बीटा कैरोटीन पाया जाता है जो इसे नारंगी रंग प्रदान करता है. बीटा कैरोटीन आंखों के लिए बहुत लाभदायक होता है।.यह रेटिना को सुरक्षा देता है.

जानें कौन होता है ज्यादा फायदेमंद

लाल शिमला मिर्च में फाइटोन्यूट्रिएंट्स जैसे कि बीटा–कैरोटीन और विटामिन सी की मात्रा हरी शिमला मिर्च या अन्य शिमला मिर्च की तुलना में कहीं अधिक होती है. लाल शिमला मिर्च में बीटा–कैरोटीन की मात्रा हरी शिमला मिर्च से 11 गुना तक अधिक पाई जाता है. इसी तरह, लाल शिमला मिर्च में विटामिन सी की मात्रा भी हरी शिमला मिर्च से डेढ़ गुना तक अधिक होती है. दूसरी तरफ, हरी शिमला मिर्च में शुगर कम पाई जाती है. इसलिए, लाल शिमला मिर्च का सेवन पोषक तत्व के लिए अधिक फायदेमंद है.

## पूरी दुनिया में छाई इस लडक़ी की बहादुरी, अकेले 25 आतंकियों को सुलाया मौत की नींद

**येरूशलम ,एजेंसी।** इजरायल और हमास के बीच पांच दिन से युद्ध जारी है। इस युद्ध ने चारों तरफ तबाही मचा रखी है। जो हमास, इजरायल के सामने खुद को मजबूत समझ रहा था और हर तरफ खून की होली खेल रहा था, वो 25 वर्षीय इनबिल की बहादुरी के सामने अपने घुटने टेक दिए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हमला के दौरान एक इजरायली महिला ने हौंसले से मोर्चा संभाला और चुन-चुनकर 25 आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया। हमले के वक्त वह घर-घर जाकर लोगों को हथियार दे रही थी।

इस लडक़ी ने गांव के लोगों के एक ग्रुप का नेतृत्व करके दो दर्जन से ज्यादा आतंकियों को ढेर कर किबुत्ज के करीब एक गांव को ढहने से बचा लिया। 25 वर्षीय इनबिल की बहादुरी के कारण हमास के आतंकी गाजा पट्टी पर कब्जा नहीं कर पाए। बता दें कि इनबिल गांव की सुरक्षा प्रमुख भी है। इजरायल में ऐसे सुरक्षा प्रमुख हर गांव में तैनात है। आतंकियों के सफाए के बाद गांव को खाली करा लिया गया है। फिलहाल इनबिल तेल अवीव के एक होटल में ठहरी हुई हैं। उन्होंने 9 अक्टूबर को अपना 25वां जन्मदिन भी मनाया।

## नाइजीरिया में विश्वविद्यालय की चार छात्राएं अगवा

**अबुजा ,एजेंसी।** मध्य नाइजीरिया में नसरवा स्टेट यूनिवर्सिटी की कम से कम चार छात्राओं का बंदूकधारियों ने अपहरण कर लिया है। स्थानीय पुलिस ने ये जानकारी दी है। अगवा की गई सभी महिलाएं हैं। देश की राजधानी अबुजा से 50 किमी दूर केफ्फी शहर में विश्वविद्यालय परिसर के बाहर उनके छात्रावास से अपहरण कर लिया गया। तडक़े उनके छात्रावास पर हमला किया गया था। नानसेल के हवाले से कहा कि पुलिस कर्मियों और सैनिकों ने आसपास की झाडिय़ों में तलाशी लेकर हमले का जवाब दिया, लेकिन अपहरणकर्ताओं और छात्राओं का पता नहीं लगाया जा सका।

## ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने इजऱाइल में नागरिक की मौत की पुष्टि की

**कैनबरा ,एजेंसी।** कैनबरा सरकार ने इजरायल में हमास के हमलों में एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक की मौत की पुष्टि की। विदेश मामलों के मंत्री पेनी वोंग और गृह मामलों के मंत्री क्लेयर ओ'नील ने कहा कि सिडनी में पैदा हुई 66 साल की गैलिट काबीन का शव गाजा सीमा से लगभग 5 किमी दूर बेरी किबुत्ज़ में पाया गया। वोंग ने एक बयान में कहा, ऑस्ट्रेलियाई सरकार को गैलिट काबीन की दुखद मौत की पुष्टि मिली है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, काबीन का जन्म सिडनी में हुआ था लेकिन उन्होंने अपने बच्चों का पालन-पोषण इजऱाइल में किया जहां उन्होंने लाइब्रेरियन के रूप में काम किया। वोंग ने कहा, ऑस्ट्रेलिया हमास द्वारा इजऱाइल पर किए गए हमलों की निंदा करता है। निदोष नागरिकों की जानबूझकर हत्या के लिए कोई बहाना नहीं है। इन हमलों से जानमाल का नुकसान अस्वीकार्य है। साथ ही स्ट्रेलिया ने हमलों को रोकने और बंधक बनाए गए सभी लोगों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई का आह्वान किया है।विदेश मामलों और व्यापार विभाग (डीएफएटी) के आंकड़ों के अनुसार, इजऱाइल में 12,000 ऑस्ट्रेलियाई नागरिक रहते हैं। बुधवार को सेवन नेटवर्क टेलीविजन पर ओ'नील ने कहा कि सरकार ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए बचाव उड़ानों के विकल्पों पर विचार कर रही है जो क्षेत्र छोडऩा चाहते हैं, लेकिन अंतिम निर्णय वोंग और डीएफएटी द्वारा किया जाएगा।

# आतंकियों ने किसी पर नहीं किया रहम, किसी ने जान की भीख मांगी तो किसी ने गर्भपात का नाटक कर बचाई जान

**नई दिल्ली , एजेंसी।** इस्राइल और आतंकी संगठन हमास के बीच पांच दिनों से युद्ध जारी है। सात अक्तूबर को हमास द्वारा किए गए अचानक हमले के बाद इस्राइली सेना पलटवार कर रही है। गाजा में हवाई हमलों में अब तक 900 से अधिक फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। वहीं, इस्राइल पर हमास के हमले में 1000 से अधिक लोगों की जानें गईं। साथ ही हमास और दूसरे फलस्तीनी इस्लामी चरमपंथी समूहों ने 150 से अधिक इस्राइली और विदेशी नागरिकों को बंधक बनाने का दावा किया है। इनमें इस्राइली सैनिक भी शामिल हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि 14 अमेरिकी मारे गए हैं और कुछ आतंकियों द्वारा बंधक भी बनाए गए हैं। वहीं अमेरिका ने यह भी कहा है कि वह इस्राइल के साथ मिलकर बंधकों को छुड़ाने पर काम कर रहा है। यह कोई पहली बार नहीं है जब लड़ाई में बंधकों का इस्तेमाल ढाल की तरह किया जा रहा है। इससे पहले इस्राइली कई ऐसे कठिन समय से गुजर चुके हैं और कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है।

1972 में जर्मनी के म्यूनिख में हुए ओलंपिक खेलों की सुरक्षा में बड़ी सेंध लगी थी। म्यूनिख ओलंपिक के दौरान फलस्तीन के आतंकी संगठन ब्लैक सेप्टेंबर के आठ आतंकियों ने हमला किया था। इस हमले में दो इस्राइली खिलाड़ियों की मौत हुई थी और नौ खिलाड़ियों को कैद कर लिया गया था। सभी नौ खिलाड़ियों को बाद में मार दिया गया।

बाद में मोसाद ने हत्या का बदला ब्लैक सेप्टेंबर के आतंकियों से लिया। इसके लिए रैथ ऑफ गॉड अभियान चलाया गया था। यह ऑपरेशन करीब 20 सालों तक चला और मोसाद ने सभी आतंकियों से चुन-चुनकर बदला लिया।

म्यूनिख घटना के करीब ढाई साल बाद मई 1974 में इस्राइली मालोत नरसंहार का शिकार बने। तारीख थी 15 मई, जिस दिन इस्राइल अपना स्वतंत्र दिवस मनाता है। प्रवासी ज्यूसों के शहर मालोत में स्कूली छात्र ट्रिप पर आए थे। 14 मई को 11वीं के छात्रों की रात यहीं एक स्कूल में गुजरी। 15 मई को तड़के डेमोक्रेटिक फ्रंट फॉर द लिबरेशन ऑफ पलेस्टाइन (अछढ) के तीन आतंकी लेबनान सीमा से इस्राइल में घुस आए। ये आतंकी इस्राइली सैनिकों की वेशभूषा में छिपकर आए थे। जैसे ही आतंकी मालोट के पास पहुंचे, उन्हें एक वैन का सामना करना पड़ा, जो फसुता नामक गांव से ईसाई अरब महिलाओं को काम से घर ला रही थी। एक आतंकी ने वाहन पर गोलीबारी की, जिसमें एक महिला की मौत हो गई और



चालक और अन्य कर्मचारी घायल हो गए। बाद में एक घायल की मौत हो गई।

मालोत पहुंचकर आतंकवादियों ने कई घरों के घुसकर लोगों की हत्या कर दी। आतंकवादियों ने एक दंपती, उनके चार वर्षीय बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी और उनकी पांच वर्षीय बेटी मिरियम को घायल कर दिया। मारे गए लोगों में से फोर्टुना नाम की महिला सात महीने की गर्भवती थी, जबकि परिवार में एकमात्र जीवित व्यक्ति उनका 16 महीने का बेटा था।

वहां से आतंकवादी नेटिव मीर एलीमेंट्री स्कूल की ओर बढ़े जहां छात्र रात को ठहरे थे। रास्ते में उनकी मुलाकात एक सफाई कर्मचारी याकोव कदोश से हुई और उन्होंने स्कूल के लिए रास्ता पूछा। उन्होंने उसे पीटा और गोली मार कर हत्या कर दी।

आतंकवादियों ने स्कूल की इमारत पर धावा बोल दिया। स्कूल के चार में से तीन शिक्षक बच्चों को छोड़कर खिड़की के रास्ते भाग निकले। आतंकवादियों ने 105 छात्रों सहित 115 को बंधक बना लिया। आतंकी छात्रों को छोड़ने के बदले इस्राइल में आतंक के आरोप में बंद 23 कैदियों को रिहा करने की धमकी देने लगे। 12 घंटे से अधिक समय तक बच्चे एक संकरी कक्षा में छिपे रहे।

घटना की गवाह तजिपी मैमोन-बोत्रिस ने एक डॉक्यूमेंट्री में बताती हैं, 'पूरे दिन बच्चों ने आतंकवादियों को उन्हें न मारने के लिए मनाने की कोशिश की। एक ने कहा, जल्द ही तुम सैनिक बन जाओगे...हमें अब तुम्हें रोकना होगा।'

उधर इस्राइल की सरकार ने बातचीत के लिए और समय मांगने का फैसला किया, लेकिन आतंकवादियों ने अनुरोध अस्वीकार कर दिया। यहां की संसद नेसेट ने एक आपातकालीन सत्र में बैठक की और बातचीत करने और 26 कैदियों को रिहा करने पर सहमति व्यक्त की। इस बीच तत्कालीन रक्षा मंत्री मोशे दयान और चीफ ऑफ स्टाफ मोर्दचाई गुर ने इस बात पर चर्चा की कि बचाव अभियान चलाया जाए या नहीं। क्योंकि तैयारी के लिए बहुत कम समय था और प्रधानमंत्री गोल्डा मेयर को डर था कि आतंकवादी बच्चों सहित स्कूल को उड़ा देंगे।

उधर आतंकियों ने बंधक बनाए गए बच्चों को मारने के लिए समयसीमा तय कर दी। आतंकवादियों द्वारा लगाई गई समय सीमा से पंद्रह मिनट पहले विशेष बल इकाई ने एक बचाव अभियान चलाया। जब यह अभियान खत्म हुआ तो सभी तीन आतंकवादी मारे गए लेकिन इस्राइली सेना छात्रों को नहीं बचा पाई। आतंकियों ने 25 बंधकों को बेरहमी से मार दिया, जिनमें 22 बच्चे भी शामिल थे। घटना में अन्य 68 घायल हो गए।अगले दिन इस्राइल ने दक्षिणी लेबनान में आतंकियों के ठिकानों पर बमबारी करके जवाबी कार्रवाई की, जिसमें कम से कम 27 आतंकी ढेर हो गए।

1976 में इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद द्वारा चलाया गया ऑपरेशन थंडरबोल्ट काफी चर्चित रहा है। रविवार 27 जून के दिन एयर फ्रांस फ्लाइट 139 तेल अवीव से उड़न भरी और पेरिस पहुंचने से पहले निर्धारित ठहराव एथेंस में हुआ। जर्मन बाडर-मेनहोफ आतंकवादी समूह से जुड़े विल्फ्रेड बोस और ब्रिगिट कुहमन पॉपुलर फ्रंट फॉर द लिबरेशन ऑफ पलेस्टाइन के दो आतंकी ग्रीस में नए यात्रियों के साथ स्वर हुए और प्लेन को हाईजैक कर लिया। इन आतंकियों ने प्लेन को लीबिया के बेनगाजी में उतारा और इसमें ईंधन भरा। इसी दौरान हाईजैकेर्स ने ब्रिटेन में जन्मीं पैट्रिसिआ मार्टेल को छोड़ दिया। मार्टेल को इसलिए रिहा किया गया था क्योंकि उन्होंने खुद को चोट पहुंचाई और खून बहाकर हुए गर्भपात का नाटक किया।

मार्टेल यहां से लंदन पहुंचीं और घटना की जानकारी टक्6 और मोसाद के गुप्तचरों को दी। महिला ने आतंकियों की फोटो देख उन्हें और उनके हथियारों को पहचान लिया। उधर प्लेन ने बेनगाजी से यूगांडा के लिए उड़ान भरी और 28 जून को दोपहर 3:15 बजे एंटेबे हवाई अड्डे पर पहुंचा। हवाई अड्डे की सुरक्षा के लिए युगांडा के सैनिक तैनात कर दिए गए। विमान 248 यात्रियों को लेकर उतरा और आतंकवादियों ने तुरंत यहूदी और इस्राइली बंधकों को बाकी बंदियों से अलग कर दिया।

अपने नागरिकों को युगांडा से मुक्त कराने के लिए मोसाद ने तीन जुलाई को ऑपरेशन थंडरबोल्ट चलाया। मोसाद आतंकियों द्वारा हाइजैक विमान को अपने नागरिकों के साथ युगांडा से मुक्त कराकर लाई थी।

## जेफ बेजोस की ब्लू ओरिजिन ने की लगभग 40 कर्मचारियों की छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को , एजेंसी।** जेफ बेजोस द्वारा संचालित एयरोस्पेस कंपनी ब्लू ओरिजिन ने अपने एंटरप्राइज टेक्नोलॉजी विभाग में लगभग 40 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। तीन दर्जन से ज्यादा कर्मचारियों को कंपनी से जाने के लिए कहा गया है। छंटनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोग्राम मैनेजर शामिल हैं।

यह छंटनी ऐसे समय में हो रही है, जब बॉब स्मिथ की जगह अमेजन डिवाइस एंड सर्विस चीफ डेव लिम्प सीईओ के रूप में ब्लू ओरिजिन में शामिल हो रहे हैं। लिम्प 4 दिसंबर से ब्लू ओरिजिन में सीईओ के रूप में पद ग्रहण करेंगे। वहीं स्मिथ स्मूथ ट्रांजिशन सुनिश्चित करने के लिए 2 जनवरी को पद छोड़ देंगे। लिम्प कंपनी के कई स्पेस प्रोजेक्ट्स के एक महत्वपूर्ण फ्रेज में ब्लू ओरिजिन में शामिल हुए। ब्लू ओरिजिन ने इस साल की शुरुआत में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चंद्र लैंडर बनाने के लिए 3.4 बिलियन डॉलर का नासा कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया था।

इस बीच, यूएस फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने एक साल से अधिक समय पहले ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड सबऑर्बिटल व्हीकल में आई विफलता की अपनी जांच बंद कर दी है। विफलता सितंबर 2022 में आई जब पश्चिमी टेक्सास में ब्लू ओरिजिन के प्रक्षेपण स्थल से एक मानवरहित अनुसंधान मिशन रवाना हुआ और प्रक्षेपण के कुछ सेकंड बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## इजरायल के समर्थन में खुलकर आया अमेरिका, हथियारों से भरा विमान भेजा

**तेल अवीव ,एजेंसी।** इजरायल लगातार गाजा पर हवाई हमले कर रहा है। हमास आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया जा रहा है। हमास और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध में अलग-अलग देश भी सामने आकार इजरायल के सपोर्ट में अपना समर्थन दिया है। इस बीच इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि अमेरिकी हथियारों को ले जाने वाला पहला विमान दक्षिणी इजराइल में उतरा। आईडीएफ ने एक्स पर पोस्ट किया, अमेरिकी हथियारों को ले जाने वाला पहला विमान दक्षिणी इजरायल में नेवातिम एयरबेस पर पहुंच गया है।

आईडीएफ ने अपनी पोस्ट में आगे कहा कि इस युद्ध के समय हमारी सेनाओं के बीच सहयोग के साथ क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करना हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण।

## भारत ने चांद पर तिरंगा लहरा दिया, लेकिन राहुल गांधी सिर पर बोझा ही ढो रहे हैं : भाजपा

**नई दिल्ली ,एजेंसी** । कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा का आक्रमक अभियान बुधवार को भी जारी रहा। भाजपा ने बुधवार को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर एक बार फिर राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कटाक्ष किया कि पिछले 15 वर्षों में भारत ने चांद पर तिरंगा लहरा दिया, लेकिन राहुल गांधी अभी भी सिर पर बोझा ही ढो रहे हैं। भाजपा ने इसे राहुल गांधी की चुनावी नौटंकी भी करार दे दिया।

भाजपा ने पिछले 15 वर्षों के दौरान के राहुल गांधी के कई वीडियो को एक साथ जोडक़र 2 मिनट 8 सेकेन्ड का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शेयर किया जिसमें 15 वर्ष पहले राहुल गांधी द्वारा सिर पर मिट्टी ढ़ोते हुए और वर्ष 2023 में कुली की ड्रेस में सूटकेस ढोते हुए जैसे कई वीडियो दिखाया गया है। साथ ही भाजपी ने कहा है कि पिछले डेढ़ दशक में भारत ने धरती से चांद तक का सफर पूरा कर लिया, दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया, लेकिन कांग्रेस के राहुल गांधी मिट्टी ढोने से सूटकेस ढोने तक का ही सफर तय कर पाए।

भाजपा ने यह भी आरोप लगाया कि राहुल गांधी के पास न तो विजन है और न ही नेतृत्व करने की क्षमता। राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए वीडियो में यह भी कहा गया है कि, राहुल गांधी के जीवन में चार ही सत्य हैं झ चुनावी नौटंकी, चुनाव में करारी हार, विदेशों में छुट्टी और फिर से लॉन्चिंग। 2014 और 2019 में नौटंकी करने और जीत के बड़े-बड़े दावे के बाद भी कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा और 2023 में भी राहुल गांधी कुली, मैकेनिक और बढई बने हुए हैं। ऐसा लगता है कि राहुल गांधी 2034 के लोक सभा चुनाव से पहले भी यही करते नजर आएंगे।

## ब्रह्मपुत्र मेल में छह नाबालिग पहलवान और कोच की तबीयत अचानक बिगड़ी

**पटना ,एजेंसी** । असम के छह नाबालिग पहलवान और उनके कोच फूड पॉइजनिंग और गर्मी के कारण ब्रह्मपुत्र मेल में बेहोश हो गए। ये सभी खिलाड़ी एक से सात अक्टूबर तक भोपाल में जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद असम लौट रहे थे।

महिला पहलवानों और उनके कोच के पास पटना तक ट्रेन का रिजर्वेशन था। मंगलवार दोपहर यहां पहुंचने के बाद उन्होंने रेलवे स्टेशन के पास खाना खाया और यहां से आगे जाने के लिए ब्रह्मपुत्र मेल में सवार हो गए। इस ट्रेन के लिए पहलवानों के पास रिजर्वेशन नहीं था, इसलिए वे भारी भीड़ के बावजूद जनरल डिब्बे में चढ़ गये। गर्मी और उमस काफी अधिक थी और यह डब्बा यात्रियों से खचाखच भरा था। इसलिए, किऊल रेलवे स्टेशन पर उनकी तबीयत अचानक खराब हो गयी।

## माफिया की तरह काम कर रही है केंद्र सरकार, सच बोलने वालों को मिल रही सजा : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने मोदी सरकार पर कड़ा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि वह माफिया की तरह काम कर रही है और जो सच बोलता है उसे सजा दी जाती है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक हैंडल पर ट्वीट कर कहा कि इस सरकार में हालात यह हो गए हैं कि जो सच बोलेगा, उसे सजा मिलेगी। इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दिनों नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के भ्रष्टाचार और बड़े घोटालों को उजागर किया था इस संस्थान के जिन अधिकारियों ने इस मामले की जांच की उनका अब स्थानांतरण कर दिया गया है और उन्हें इसकी सजा दी जा रही है।



पार्टी ने कहा, "कैग ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि मोदी सरकार ने द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजना, भारतमाला प्रोजेक्ट और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं में भारी घोटाला किया है। हमारी मांग है कि अधिकारियों के ट्रांसफर आदेशों को तुरंत रद्द किया जाए, उन्हें सच बोलने की सजा न दी जाए। साथ ही जिन योजनाओं में घोटाले उजागर हुए हैं, उनसे जुड़े लोगों पर कार्रवाई की जाए।" इस बीच पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, "कैग के तीन अधिकारी हैं, जिन्होंने संसद के मानसून सत्र के दौरान पेश की गई एक रिपोर्ट में सरकारी योजनाओं में बड़े पैमाने पर घोटालों का खुलासा किया था। कैग रिपोर्ट में ढांचागत और सामाजिक योजनाओं में घोटाले को उजागर किया गया था।

रिपोर्ट में द्वारका एक्सप्रेसवे में 1400 प्रतिशत लागत बढ़ने और टेंडरिंग में धांधली सामने आई थी।

राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं से 3,600 करोड़ रुपए की हेराफेरी, दोषपूर्ण बोली प्रक्रिया और भारतमाला योजना की लागत 60 प्रतिशत बढ़ने की बात भी रिपोर्ट में थी। इतना ही नहीं, आयुष्मान भारत योजना के ऑडिट में मृत मरीज़ों के लाखों क्लेम्स और कम से कम 7.5 लाख लाभार्थी एक ही मोबाइल नंबर से जुड़े हुए पाए गए। अब, आयुष्मान भारत और द्वारका एक्सप्रेसवे घोटालों पर रिपोर्टिंग के प्रभारी कैग के तीन अधिकारियों का मोदी सरकार में फैले भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए ट्रांसफर कर दिया गया है। इसके बावजूद कि कैग को एक स्वतंत्र निकाय माना जाता है।"

## ओपीएस: पुरानी पेंशन को लेकर तीसरी बड़ी रैली का गवाह बनेगा रामलीला मैदान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र एवं राज्य सरकारों के कर्मचारी संगठन, पुरानी पेंशन पर निर्णायक लड़ाई की तरफ बढ़ने लगे हैं। केंद्रीय कर्मियों की दो विशाल रैलियों के बाद अब तीन नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में ही तीसरी बड़ी रैली होने जा रही है। कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के बैनर तले होने वाली इस रैली में ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन सहित कई दूसरे कई संगठन हिस्सा लेंगे। रैली में केंद्र सरकार के समक्ष सात मांगें रखी जाएंगी। इनमें पहली मांग 'एनपीएस' की समाप्ति और 'पुरानी पेंशन' व्यवस्था को बहाल कराना है। इसके अलावा केंद्र सरकार में रिक्त पदों को नियमित भर्ती के जरिए भरना, निजीकरण पर रोक, आठवें वेतन आयोग का गठन और कोरोनाकाल में रोके गए 18 महीने के डीए का एरियर जारी करना, ये बातें भी कर्मचारियों की मुख्य मांगों में शामिल हैं।

कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव ने बताया, सरकारी कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर पिछले साल से ही चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शन किए जा रहे हैं। दिसंबर 2022 को दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में कर्मियों के ज्वाइंट नेशनल कन्वेंशन के घोषणा पत्र के मुताबिक, कर्मचारियों की मुहिम आगे बढ़ाई जा रही है। राज्यों में भी कर्मियों की मांगों के लिए सम्मेलन/सेमिनार और प्रदर्शन आयोजित किए गए हैं। इस कड़ी में अब तीन नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली आयोजित की जाएगी। रैली के एजेंडे में ओपीएस की मांग सबसे ऊपर रखी गई है। बतौर यादव, कर्मियों की मांग है कि पीएफआरडीए एक्ट में संशोधन किया जाए। एनपीएस को समाप्त करें और पुरानी पेंशन बहाल की जाए। केंद्र और राज्यों के जिस विभाग में अनुबंध पर या डेली वेजेज पर कर्मचारी हैं, उन्हें अविलंब नियमित किया जाए। निजीकरण पर रोक लगे और सरकारी उपक्रमों को नीचे करने की सरकार की मंशा बंद हो। डेमोक्रेटिक ट्रेड यूनियन के अधिकारों का पालन सुनिश्चित हो। राष्ट्रीय शिक्षा कार्यक्रम का त्याग किया जाए और आठवें वेतन आयोग का गठन हो।

केंद्र और राज्यों के कर्मचारी संगठनों ने सरकार को स्पष्ट तौर से बता दिया है कि उन्हें बिना




**तीन नवंबर को जुटेंगे देशभर के कर्मचारी**

गारंटी वाली 'एनपीएस' योजना को खत्म करने और परिभाषित एवं गारंटी वाली 'पुरानी पेंशन योजना' की बहाली से कम कुछ भी मंजूर नहीं है।

नई दिल्ली के रामलीला मैदान में दस अगस्त को कर्मियों की रैली हुई थी। ओपीएस के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) की संचालन समिति के राष्ट्रीय संयोजक एवं स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद 'जेसीएम' के सचिव शिवगोपाल मिश्रा ने रैली में कहा था, लोकसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन लागू नहीं होती है तो भाजपा को उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। कर्मियों, पेंशनरों और उनके रिश्तेदारों को मिलाकर यह संख्या दस करोड़ के पार चली जाती है। चुनाव में बड़ा उलटफेर करने के लिए यह संख्या निर्णायक है।

एक अक्तूबर को रामलीला मैदान में ही 'पेंशन शंखनाद महारैली' आयोजित की गई। इसका आयोजन नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के बैनर तले हुआ था। एनएमओपीएस के अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा, पुरानी पेंशन कर्मियों का अधिकार है। वे इसे लेकर ही रहेंगे। दोनों ही रैलियों में केंद्र एवं राज्य सरकारों के लाखों कर्मियों ने भाग लिया था। उसके बाद 20 सितंबर को हुई राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) स्टाफ साइड की बैठक के एजेंडे में 'ओपीएस' का मुद्दा टॉप पर रहा था। कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करते हुए अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) के महासचिव सी. श्रीकुमार ने कहा था, हमने सरकार के समक्ष एक बार फिर अपनी मांग दोहराई है। एनपीएस को खत्म किया जाए और पुरानी पेंशन योजना' को जल्द से जल्द बहाल करें। अगर सरकार नहीं मानती है तो देश में कलम छोड़ हड़ताल होगी, रेल के पहिये रोक दिए जाएंगे।

श्रीकुमार के मुताबिक, सरकार, पुरानी पेंशन लागू नहीं करती है, तो 'भारत बंद' जैसे कई कठोर कदम उठाए जाएंगे। पुरानी पेंशन के लिए कर्मचारी संगठन, राष्ट्रव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल कर सकते हैं। इसके लिए 20 और 21 नवंबर को देशभर में स्ट्राइक बैलेट होगा। कर्मचारियों की राय ली जाएगी। अगर बहुमत हड़ताल के पक्ष में होता है, तो केंद्र एवं राज्यों में सरकारी कर्मचारी, अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। उस अवस्था में रेल थम जाएंगी तो वहीं केंद्र एवं राज्यों के कर्मचारी 'कलम' छोड़ देंगे।

पुरानी पेंशन बहाली के लिए केंद्र एवं राज्यों के कर्मचारी एक साथ आ गए हैं। लगभग देश के सभी कर्मचारी संगठन इस मुद्दे पर एकमत हैं। केंद्र और राज्यों के विभिन्न निगमों और स्वायत्तता प्राप्त संगठनों ने भी ओपीएस की लड़ाई में शामिल होने की बात कही है। कर्मचारियों ने हर तरीके से सरकार के समक्ष पुरानी पेंशन बहाली की गुहार लगाई है, लेकिन उनकी बात सुनी नहीं गई। अब उनके पास अनिश्चितकालीन हड़ताल ही एक मात्र विकल्प बचता है। दस अगस्त और एक अक्तूबर की रैली में देशभर से आए लाखों कर्मियों ने 'ओपीएस' को लेकर हुंकार भरी थी।

## अमरावती मामले में लोकेश दूसरे दिन सीआईडी के समक्ष पेश

**अमरावती ,एजेंसी** । तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के महासचिव नारा लोकेश अमरावती इनर रिंग रोड संरेखण मामले में पूछताछ के लिए बुधवार को दूसरे दिन अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के सामने पेश हुए। मंगलवार को सीआईडी अधिकारियों ने लोकेश से साढ़े छह घंटे तक पूछताछ की।

वह बुधवार सुबह ताडेपल्ली स्थित सीआईडी कार्यालय पहुंचे। पहले दिन उनसे पूछताछ के बाद, सीआईडी ने लोकेश को आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के तहत नोटिस दिया था, इसमें उन्हें फिर से पेश होने का निर्देश दिया गया था। पूर्व मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के बेटे लोकेश ने पहले दिन की पूछताछ के बाद कहा था कि सीआईडी अधिकारियों ने उनसे 50 सवाल पूछे थे और उनमें से 49 का इनर रिंग रोड मामले से कोई संबंध नहीं था।

टीडीपी नेता ने कहा कि वह सीआईडी अधिकारियों के बाकी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार हैं, लेकिन वे शाम पांच बजे के बाद पूछताछ जारी रखने के लिए तैयार नहीं हैं। लोकेश ने सीआईडी अधिकारियों से कहा था कि उसे वकीलों से सलाह लेने के लिए दिल्ली जाना है और भले ही देर हो जाए वह उनके सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है।

लोकेश ने पहले दिन पूछताछ के बाद मीडिया से कहा था कि सीआईडी अधिकारी उनसे सवाल पूछने के बजाय गूगल पर जवाब खोज सकते थे।

लोकेश ने कहा, आप क्या हैं और जब मैं हेरिटेज के लिए काम कर रहा था तो मेरी स्थिति क्या थी। दूसरा सवाल यह था कि मैं टीडीपी सरकार में किस पद पर था। लोकेश ने कहा, जब मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है, तो किसी से डरने का सवाल ही नहीं उठता।

लोकेश टीडीपी सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू के बेटे हैं, जो कौशल विकास घोटाले में पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं। सीआईडी ने पहले ही नायडू को अमरावती इनर रिंग रोड मामले और एपी फाइबरनेट मामले में आरोपी के रूप में नामित किया है और विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट में उनके खिलाफ कैदी ट्रांजिट (पीटी) वारंट याचिका दायर की है।

# हैदराबाद के क्यूरेटर के लिए दुआ करूंगा, यहां खेलना रावलपिंडी में खेलने जैसा लगा: रिजवान



हैदराबाद, पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान अपनी दुआओं में हैदराबाद के क्यूरेटर को हमेशा याद करेंगे, जिन्होंने यहां बल्लेबाजी के लिए अनुकूल विकेट तैयार किया जिससे उन्हें शतक बनाने और उनकी टीम को विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने में मदद मिली।

धार्मिक प्रवृत्ति के रिजवान ने 121 गेंद पर नाबाद 131 रन बनाए जिससे पाकिस्तान ने चार विकेट पर 345 रन बनाकर विश्व कप में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का नया रिकॉर्ड बनाया।

रिजवान ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं जब पहली बार इस मैदान पर उतरा तो उन्होंने (क्यूरेटर) मुझसे कहा ह्यरिजवान आपको इस मैदान पर दो शतक बनाने चाहिए।ह्ण मैं आज भी उनसे मिला। हम उनके लिए दुआ कर सकते हैं और आपको भी उनके लिए दुआ करनी चाहिए।

पाकिस्तान की टीम दो सप्ताह तक हैदराबाद में रही और इस बीच उसने अपने दोनों मैच जीते। पाकिस्तानी टीम को यहां जिस तरह का समर्थन मिला उससे रिजवान को लगा जैसे वह रावलपिंडी में खेल रहे हों।रिजवान ने कहा,मुझे ऐसा लगा जैसे मैं रावलपिंडी में मैच खेल रहा हूं। जिस तरह से आज (मंगलवार) दर्शकों ने अपना प्यार दिया और उन्होंने केवल मेरा ही नहीं पूरी टीम का समर्थन किया। वह श्रीलंका की टीम का भी समर्थन कर रहे थे। मुझे बहुत खुशी है कि हैदराबाद के दर्शकों ने क्रिकेट का समर्थन किया तथा दोनों टीम का हौसला बढ़ाया।

रिजवान हैदराबाद के आथित्य सत्कार से अभिभूत थे।

उन्होंने कहा,यहां का आथित्य सत्कार आपने देखा होगा। हम जब हवाई अड्डे पर पहुंचे तो वहां जरूर किसी ने तस्वीरें ली होगी। जैसा मैंने पहले कहा कि मुझे ऐसा लग रहा था कि मैं रावलपिंडी के दर्शकों के सामने खेल रहा हूं। लाहौर का हमारा स्टेडियम बड़ा है और वहां बहुत सारे दर्शक आते हैं लेकिन आज ऐसा लगा जैसे पाकिस्तान रावलपिंडी में मैच खेल रहा है।

रिजवान और एक अन्य शतकवीर अब्दुल्ला शफीक के बीच 176 रन की साझेदारी ने पाकिस्तान की जीत की नींव रखी। शफीक को फखर जमां की जगह टीम में लिया गया था और यह फैसला सही साबित हुआ।

रिजवान ने कहा,यह टीम प्रबंधन और कप्तान का फैसला था। सीनियर खिलाड़ी होने के नाते हम सलाह दे सकते हैं।

# शंघाई मास्टर्स क्वार्टर फाइनल में पहुंचे ह्यूबर्ट हुरकाज



शंघाई,ह्यूबर्ट हुरकाज ने झांग झिझेन को 7-6(6), 4-6, 7-6(4) से हराकर टेनिस के शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

हुरकाज का अगला मुकाबला हंगरी के फ़ैबियन से होगा, जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 7-6 (3), 3-6, 6-4 से हराया।फैबियन ने मैच के बाद कहा, मैच खत्म करना कभी आसान नहीं होता। वह शीर्ष 10 खिलाड़ी में हैं और मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। मैं मैच जीतकर बहुत खुश हूं।

संयुक्त राज्य अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा ने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को पर 7-5, 7-6 (6) से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

कोर्डा ने कहा, जिस तरह से मैंने टाईब्रेक में खेला उससे मैं बहुत खुश हूं। जब वह कुछ मिनी-ब्रेक में था तो मैं शांत रहा और कुल मिलाकर मैंने जिस तरह से खेला उससे मैं खुश हूं।

अंतिम आठ में कोर्डा का मुकाबला अपने हमवतन बेन शेल्टन से होगा।

शेल्टन ने अपना 21वां जन्मदिन इटली के छठी वरीयता प्राप्त जानिक सिनर को 2-6, 6-3, 7-6 (5) से हराकर मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी पहली क्वार्टरफाइनल में जगह बनाकर मनाया।

# पुरुष वनडे विश्व कप: इंग्लैंड के खिलाफ धीमी ओवर रेट के लिए बांग्लादेश पर जुर्माना



धर्मशाला, बांग्लादेश पर आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लीग मैच में इंग्लैंड के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। शाकिब अल हसन की टीम को लक्ष्य से 1 ओवर कम माना गया और आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के जवागल श्रीनाथ ने मंजूरी दे दी।

खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों को उनकी टीम द्वारा आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

शाकिब ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित सजा स्वीकार कर ली, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं थी। मैदानी अंपायर अहसान रजा और पॉल विल्सन, तीसरे अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक और चौथे अंपायर कुमार धर्मसेना ने आरोप लगाया। बांग्लादेश धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ 2023 विश्?व कप का अपना दूसरा मुकाबला 137 रन से हार गया। उनका अगला मैच शुक्रवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा।

# हमारे अनुभवहीन गेंदबाज रणनीति पर अमल करने में नाकाम रहे: तीक्षणा

हैदराबाद, श्रीलंका के ऑफ स्पिनर महेश तीक्षणा ने कहा कि उनका अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण अपनी रणनीति पर अमल करने में नाकाम रहा जिसके कारण उनकी टीम को पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप मैच में 344 रन बनाने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका ने कुसाल मेंडिस (122) और सदीरा समराविक्रमा (108) के शतकों की मदद से नौ विकेट पर 344 रन बनाए लेकिन पाकिस्तान ने 10 गेंद शेष रहते ही चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। तीक्षणा ने कहा कि उनकी टीम हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और उन्होंने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर 20 रन कम बनाए। उन्होंने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,हमने लगभग 20 रन कम बनाए। हमारे पास 370 या 380 रन तक बनाने का मौका था। यहां तक की गेंदबाजी में भी हमने काफी गलतियां की और अपनी रणनीति पर अमल करने में नाकाम रहे। हमारा क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा। इस तरह से हमने तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और इसलिए हमें हार का सामना करना पड़ा। तीक्षणा ने कहा,मुझे लगता है कि हमारा तेज गेंदबाजी आक्रमण अनुभवहीन है। यहां तक कि हमारे स्पिनरों को भी ज्यादा अनुभव नहीं है। उन्होंने भारत में कोई मैच नहीं खेला था।



उन्होंने कहा,केवल मैं और वानिंदु (हसरंगा) को ही भारत में अधिकतर जगह मैच खेलने का अनुभव है। यहां तक कि मैं भी हैदराबाद में नहीं खेला था। इसलिए मुझे लगता है कि हमें अधिक अनुभव हासिल करने की जरूरत है। यहां तक की तेज गेंदबाजों के लिए भी दिल्ली में छोटी सीमा रेखा होने के कारण गेंदबाजी करना आसान नहीं रहा। इसलिए उन्हें रणनीति के अनुसार गेंदबाजी करनी होगी और उम्मीद है कि अगले मैच में वे ऐसा करेंगे। श्रीलंका के बल्लेबाज अंतिम 10 ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इस दौरान उन्होंने 61 रन बनाए और पांच विकेट गंवाए। तीक्षणा ने कहा कि यह मैच का टर्निंग प्वाइंट रहा। उन्होंने कहा,असल में अंतिम 10 ओवरों में विकेट थोड़ा धीमा हो गया था। उन्होंने काफी धीमी गेंदे की और हम अपनी रणनीति पर वास्तव में अच्छी तरह से अमल नहीं कर पाए। हमने अंतिम 10 ओवरों में काफी विकेट गंवाए। मेरा मानना है की अंतिम 10 ओवर और जब हम गेंदबाजी कर रहे थे तब बीच के ओवर मैच के टर्निंग प्वाइंट रहे।

## फिल्मी दुनियां

# जूनियर एनटीआर की देवरा दो भागों में होगी रिलीज, सैफ अली खान और जाह्नवी भी दिखेंगी

जूनियर एनटीआर पिछले लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म देवरा को लेकर चर्चा में हैं।इसमें सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर भी अहम भूमिकाओं में हैं। इसका निर्देशन कोराताला शिवा कर रहे हैं।ताजा खबर यह है कि एनटीआर की देवरा एक नहीं, बल्कि दो भागों में रिलीज होगी।फिल्म का पहला भाग 5 अप्रैल, 2024 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगा। हालांकि, फिल्म के दूसरे पार्ट की रिलीज से जुड़ी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।



कोराताला ने अपने एक्स पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह दर्शकों को यह जानकारी देते हुए नजर आ रहे हैं कि देवरा दो भागों में रिलीज होगी और फिल्म का पहला भाग अगले साल 5 अप्रैल को रिलीज किया जाएगा।देवरा के जरिए जाह्नवी अपना तेलुगू डेब्यू करने वाली हैं और उन्होंने फिल्म के कुछ हिस्से की शूटिंग भी कर ली है। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जो तेलुगु समेत तमिल, मलयालम और हिंदी में रिलीज होगी।

अपने संदेश को समाप्त करते हुए उन्होंने कहा, इसलिए, हमने इस बड़ी कहानी और कैनवास को दो भागों में बताने का निर्णय लिया। कहानी आकार में नहीं बदलेगी, लेकिन बड़े पैमाने पर विकसित होगी। देवरा अब तक के सबसे बड़े कैनवासों में से एक होगा।

देवरा को अत्यधिक भव्यता और विशाल विश्व निर्माण के साथ एक विशाल तमाशा माना गया है जो बहुत सारी विद्या और चरित्र विकास से भरा है।देवरा के संबंध में अधिकांश विवरण गुप्त हैं और एनटीआर जूनियर की अपनी भूमिका पर सवाल है कि क्या वह नायक हैं या विरोधी नायक हैं।

### 22 की उम्र में पलक तिवारी ने शेयर किया सेक्सी लुक, साइड कट ड्रेस पहन दिए बेहद बोल्ड पोज

किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस पलक तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से ट्रेंड करने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस पलक ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी सिजलिंग अदाएं देखकर फैंस का दिल तेजी से धडक़ने लगा है। एक्ट्रेस पलक तिवारी ने महज 22 साल की उम्र में इंडस्ट्री में अपनी अच्छी-खासी पहचान बना ली है। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही इंटरनेट पर तबाही मचाने लगता है।

हाल ही में एक्ट्रेस पलक तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर फैंस के होश उड़ा दिए हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं पलक तिवारी ने ब्लू कलर का थाई हाई स्लिट आउटफिट पहना हुआ है। एक्ट्रेस ने अपने लुक को ओर भी ज्यादा खूबसूरती से निखारने के लिए न्यूड शिमरी लिप्स और न्यूड स्मोकी आई मेकअप किया हुआ है।

# सलमान खान ने शेयर की अपने दिल के टुकड़े के साथ तस्वीर





बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने रविवार को एक मिस्ट्री गर्ल के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की और कहा कि वह हमेशा उसका साथ देंगे।

पोस्ट में, सलमान ने फोटो पर लिखा- मेरे दिल का टुकड़ा और कहा कि वह हमेशा उसका साथ देंगे।

एक्टर ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस फोटो को शेयर किया। वह मिस्ट्री गर्ल को पकड़े हुए नजर आ रहे हैं और अपनी एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें लिखा था: कल मैं अपने दिल की एक बात आप सभी से शेयर करने वाला हूं। और पोस्ट को कैप्शन दिया: मैं हमेशा तुम्हारा साथ दूंगा।

सलमान खान और मिस्ट्री गर्ल दोनों ने वाइट ट्रैकसूट पहना हुआ था। कैमरे की तरफ लडक़ी ने पीठ की हुई है। उसके लंबे काले लहराते बाल हैं, जबकि सलमान खान सोच में डूबे हुए दिखाई दे रहे हैं।

# सिद्धार्थ की योद्धा और कैटरीना कैफ की मैरी क्रिसमस के बीच होगी कड़ी टक्कर



सिद्धार्थ मल्होत्रा अपनी एक्टिंग से फैंस को दीवाना बना लेते हैं. उनकी फिल्म योद्धा का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. पहले ये फिल्म सितंबर में रिलीज होने वाली थी लेकिन फिर इसे पोस्टपोन कर दिया गया था. अब फिल्म की नई रिलीज डेट सामने आ गई है. योद्धा में सिद्धार्थ के साथ दिशा पाटनी और राशी खन्ना लीड रोल में नजर आने वाली हैं. फिल्ममेकर करण जौहर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके फिल्म की रिलीज डेट की जानकारी दी है.

सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. करण जौहर ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा-हम 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में लैंड करने के लिए तैयार हैं. करण के इस पोस्ट पर फैंस ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं. एक फैन ने लिखा- ऑल द बेस्ट करण.

कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति साथ में फिल्म मैरी क्रिसमस में नजर आने वाली हैं. पहले ये फिल्म 23 सितंबर को रिलीज होने वाली थी. फिर इसे 8 सितंबर के लिए शेड्यूल किया गया था. अब आखिरकार फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट हो गई है. मैरी क्रिसमस 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. अब कैटरीना और सिद्धार्थ की टक्कर होने वाली है. देखना होगा कौन-सी फिल्म बाजी मारती है.

# शाहरुख के बाद एटली अब अल्लू अर्जुन से मिलाएंगे हाथ, नई पैन इंडिया फिल्म का ऐलान

फिल्म जवान के साथ-साथ निर्देशक एटली भी चर्चा में आ गए हैं और बेशक शाहरुख खान की इस फिल्म से जुड़ने के बाद अब बॉलीवुड में भी उनका कद उंचा हो गया है।उनके निर्देशन की खूब तारीफ हो रही है। इसी बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि एटली अपनी नई फिल्म सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के साथ बनाने वाले हैं।आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अपने हालिया इंटरव्यू में एटली ने अल्लू के साथ फिल्म करने पर बात की।उन्होंने कहा, मैंने अल्लू को अपनी अगली फिल्म की कहानी सुना दी है। अभी उसी पर चर्चा चल रही है। मैं अब आप सभी को बहुत जल्द एक खुशखबरी देने वाला हूं।एटली ने बताया कि अल्लू के साथ उनका प्रोजेक्ट लगभग तय ही है।एटली और अल्लू दोनों की ब्लॉकबस्टर जोड़ी वाकई दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगी।



एटली कई सुपरहिट फिल्में दे चुके हैं, वहीं पुष्पा जैसी फिल्म के बाद अल्लू की दीवानगी भी प्रशंसकों के सिर चढक़र बोलने लगी है।ऐसे में निर्देशक और अभिनेता की इस जोड़ी के साथ आने से बेशक बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचेगा।बताया जा रहा है कि अल्लू और एटली लंबे समय से साथ काम करने की सोच रहे थे और अब आखिरकार दोनों नई पैन इंडिया फिल्म के लिए एक नए सफर की शुरुआत करने के लिए उत्साहित हैं।

अल्लू को हाल ही में फिल्म पुष्पा के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया था।इससे भी खास बात यह है कि वह ये पुरस्कार पाने वाले पहले तेलुगु अभिनेता बने हैं।पुष्पा में अल्लू ने एक चंदन तस्कर का किरदार निभाया था और अपने दमदार अभिनय से दर्शकों से लेकर समीक्षकों तक का दिल जीत लिया था।अब वह इसका दूसरा भाग पुष्पा: द रूल लेकर आ रहे हैं।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com